सुविचार
सच तो यह है कि समय अपने बीतने के लिए किसी की भी स्वीकृति की प्रतीक्षा नहीं करता।
-नरेश मेहता

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi • Saturday, 15 February 2025 • Year : 03 • Issue : 33 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12
Yami Gautam Reacts To Her Viral...

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पहुंचीं रांची, गवर्नर ने किया स्वागत

राजभवन में किया विश्राम, आज बीआईटी के प्लैटिनम जुबली समारोह में करेंगी शिरकत
शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव, जगह-जगह पर की गई बैरिकेडिंग

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार की शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रांची पहुंचीं। उनका विमान रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंड किया। राष्ट्रपति का स्वागत झारखंड के गवर्नर संतोष कुमार गंगवार ने किया। इस दौरान उनके साथ राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई आला अधिकारी भी मौजूद थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एयरपोर्ट से सीधे राजभवन के लिए रवाना हो गईं, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। 15 फरवरी को राष्ट्रपति बीआईटी मेसरा में आयोजित प्लैटिनम जुबली समारोह में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर राज्य में कई प्रशासनिक तैयारियां की गई हैं। इधर, राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर शुक्रवार और शनिवार को शहर के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया। जगह-जगह पर बैरिकेडिंग की गई है।

एयरपोर्ट पर राज्यपाल के साथ कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की भी रहीं मौजूद

डीसी ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा का लिया जायजा

बीआईटी मेसरा स्थित जीपी बिरला ऑडिटोरियम में शनिवार को होने वाले प्लैटिनम जुबली समारोह को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक हुई। डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इससे पहले डीसी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शेयर मार्केट में गिरावट से 8 दिनों में निवेशकों को 25.31 लाख करोड़ का नुकसान

NEW DELHI : बाजार में लगातार आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट के कारण निवेशकों को 25.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इस दौरान विदेशी पूंजी निकासी, उम्मीद से कम तिमाही आय और वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितता की चिंताओं के बीच बीएसई सेंसेक्स में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। लगातार आठ सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,644.6 अंक यानी 3.36 प्रतिशत गिरा, तथा एनएसई निफ्टी 810 अंक यानी 3.41 प्रतिशत नुकसान में रहा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 199.76 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण आठ दिन में 25,31,579.11 करोड़ रुपये घटकर 4,00,19,247 करोड़ रुपये (4,610 अरब डॉलर) रह गया।

झारखंड के आदिवासी बहुल गांवों में खोले जाएंगे 1220 नए आंगनबाड़ी केंद्र

- हेमंत सरकार ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजा है प्रस्ताव
- पीएम-जनमन और डीएजेजीयूए के तहत इन नए केंद्रों को खोलने की बनी है स्कीम
- बच्चों व महिलाओं को पोषण और शिक्षा की मिलेगी बेहतर सुविधा
- योजना में केंद्र और राज्य सरकार की भागीदारी 70:30 के अनुपात में होगी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में आदिवासी बहुल क्षेत्रों के विकास के लिए 1220 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की स्कीम तैयार की गई है। यह केंद्र प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत खोले जाएंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है। पीएम-जनमन योजना के तहत 275 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे। यह योजना पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है, जिससे आदिवासी इलाकों में बच्चों और महिलाओं को पोषण और शिक्षा की बेहतर सुविधा मिलेगी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत 945 गांवों में नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की योजना है। इन गांवों की सूची स्वीकृति के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजी गई है। इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार की भागीदारी 70:30 के अनुपात में होगी। डीएजेजीयूए के तहत जनजातीय बहुल गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में बदला जाएगा। राज्य सरकार ने 7139 गांवों की सूची मंत्रालय को सौंपी है, जिनमें से 6524 गांवों में पहले से ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। बाकी 615 गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों की आवश्यकता को समझने के लिए सर्वे किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2023 को हजारीबाग से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी।

बाबूलाल मरांडी ने फैसले का किया स्वागत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के आदिवासी गांवों में नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि केंद्र सरकार की पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड के आदिवासी गांवों में 1220 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य है। इससे आदिवासी समाज के विकास और पोषण में काफी सुधार होगा। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनायेगा और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के न शए मौके प्रदान करेगा। आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति से महिलाओं का सशक्तीकरण भी होगा। केंद्र सरकार का यह निर्णय सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

SHARE

सेंसेक्स	:	75,851.35
निफ्टी	:	22,897.30

SARAFA

सोना	:	8,165
चांदी	:	108.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सीमा संबंधी विषयों पर अगले हफ्ते होगी बातचीत

NEW DELHI : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच वर्ष में दो बार होने वाली महानिदेशक स्तर की बैठक नई दिल्ली में 17 से 20 फरवरी के बीच बीएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में होने जा रही है। इसमें सीमा पर फेंसिंग और बीएसएफ कर्मियों पर हमले जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद से यह पहली बैठक है। पिछली बैठक पिछले साल मार्च में ढाका में आयोजित की गई थी। बीएसएफ की ओर से जारी एक वक्तव्य के अनुसार 55वां महानिदेशक स्तर का सीमा समन्वय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसमें बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के मोहम्मद अशरफुजामन सिद्दीकी अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

खिलाड़ियों के लिए संजीवनी बना 'खेलो इंडिया' : शाह

NEW DELHI : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत तेजी से खेलों में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर गुजरात में शुरू हुआ 'खेलो इंडिया' खेल और खिलाड़ियों के लिए संजीवनी बना गया है। आज पूरा देश खेलो इंडिया में शामिल होकर खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ा रहा है। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह शुक्रवार को हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को संबोधित कर थे। समापन के अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री ने राष्ट्रीय खेलों का ध्वज मेघालय के मुख्यमंत्री कोनरॉड के. सांगमा को सौंपा। अगले राष्ट्रीय खेल वर्ष 2026 में मेघालय होंगे। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखंड के निवासियों के साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शुभकामनाएं दी। इन राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून के महाराणा स्पोर्टस कॉलेज में किया था।

डोनाल्ड ट्रंप ने नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत
बड़ी उपलब्धि : भारत को एफ 35 फाइटर जेट देगा अमेरिका

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के प्रेसिडेंट ट्रंप के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

NEW DELHI @ PTI : शुक्रवार की देर रात भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा पूरी कर दिल्ली लौट आए। गुरुवार को वह अमेरिका पहुंचे थे। भारतीय समय के अनुसार पीएम मोदी इसी दिन देर रात 3 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब ढाई घंटे तक द्विपक्षीय बातचीत हुई। ट्रंप-मोदी दो बार मीडिया से मुखातिब हुए और दोनों ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। बातचीत में भारत को अमेरिका द्वारा एफ-35 फाइटर जेट देने पर सहमति बनी। भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मोदी की जमकर प्रशंसा की और कई मुद्दों पर भारत के रुख को गंभीरता से समझने की कोशिश की। मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में ट्रंप ने केवल यह घोषणा की कि उनके प्रशासन ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है, बल्कि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से भारत के साथ मिलकर लड़ने की भी बात कही। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका एक शैतान को भारत को सौंप रहा है, साथ ही उन्होंने और अधिक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

- दोनों नेताओं के बीच ढाई घंटे तक हुई बातचीत
- दो बार दोनों मीडिया से हुए रूबरू, सभी सवालों का दिया जवाब
- मोदी बोले- मेरे और ट्रंप के मिलने का मतलब एक और एक ग्यारह
- ट्रंप बोले- एक शैतान को भारत को सौंप रहा है अमेरिका, आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे दोनों देश
- 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मिली मंजूरी

अवैध रूप से दूसरे देशों में रहना कानूनी अधिकार नहीं : मोदी

पीएम मोदी ने कहा- जो लोग अवैध रूप से दूसरे देशों में रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। हमने हमेशा कहा है कि जो लोग भारत के नागरिक हैं और अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं। पीएम ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हैं कि सीमा के दूसरी तरफ से पैदा होने वाले आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। भारत में नरसंहार करने वाले एक अपराधी को प्रत्यर्पित करने के फैसले की तारीफ करता हूं।

भारत में अच्छा काम कर रहे मोदी

ट्रंप ने मोदी को अपना पुराना मित्र बताया और टैरिफ पर एक सवाल के जवाब में कहा, वह सौदेबाजी में मुझसे कहीं ज्यादा माहिर हैं। इसमें कोई मुकाबला ही नहीं है। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरे संबंध स्पष्ट दिखे और ट्रंप ने कहा कि मोदी भारत में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा,हर कोई उनके बारे में बात करता है। वह वाकई शानदार काम कर रहे हैं। वह एक महान नेता हैं।दोनों नेताओं की ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान ट्रंप ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनसे काफी देर तक हाथ मिलाया और फिर गले मिले। उन्होंने कहा, हमें आपकी बहुत याद आई।

सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेश में किया संशोधन
प्रेम प्रकाश को ईडी के सामने अब नहीं लगानी होगी हाजिरी

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में ट्रायल फेस कर रहे प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने उनकी जमानत की शर्तों में संशोधन करते हुए सप्ताह में दो बार ईडी के समक्ष उपस्थित होने के आदेश को समाप्त कर दिया है। इस संशोधन के बाद अब प्रेम प्रकाश को ईडी के समक्ष हाजिरी नहीं लगानी पड़ेगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि प्रेम प्रकाश किसी भी तरीके से ट्रायल को बाधित करने की कोशिश नहीं करेंगे और नियमित तौर पर ट्रायल कोर्ट में उपस्थित होंगे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने यह आदेश दिया है। प्रेम प्रकाश की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता स्नेह सिंह ने बहस की।

ब्रिटेन ने टाटा समूह के चेयरमैन को दी मानद 'नाइटहुड' की उपाधि

NEW DELHI : टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में उनकी सेवाओं के लिए ब्रिटेन द्वारा मानद 'नाइटहुड' से सम्मानित किया गया है। टाटा समूह ने शुक्रवार को बताया कि चंद्रशेखरन को ब्रिटिश साम्राज्य का सबसे उत्कृष्ट आदेश (नागरिक खंड) - मानद डीबीई/केबीई (योद्धा या डेम कमांडर) से सम्मानित किया गया है। समूह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि चंद्रशेखरन को ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में योगदान के लिए राजा चार्ल्स द्वारा मानद नाइटहुड की उपाधि प्रदान की गई। इस सम्मान पर चंद्रशेखरन ने कहा,टाटा समूह को इस बात पर गर्व है कि उसने प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता, होटल, इस्पात, रसायन और वाहन क्षेत्रों में ब्रिटेन के साथ इतना मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखा है।

महाकुंभ : त्रिवेणी संगम के तट पर 26 फरवरी तक लोग करेंगे स्नान
अब तक 50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

PRAYAGRAJ @ PTI : शुक्रवार को सरकार ने कहा कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। यह संख्या भारत और चीन को छोड़कर दुनिया के बाकी देशों की आबादी से ज्यादा है। प्रयागराज में महाकुंभ मेले की मेजबानी कर रही उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में दावा किया कि यह मानव इतिहास में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन के लिहाज से सबसे बड़ा जनसमूह है। बता दें कि महाकुंभ 13 जनवरी को शुरू हुआ था और हिंदुओं के बीच पवित्र माने जाने वाले गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती यानि त्रिवेणी संगम के तट पर 26 फरवरी तक चलेगा।

भारत-चीन को छोड़कर बाकी किसी देश की आबादी से ज्यादा है यह संख्या

92 लाख श्रद्धालु पहुंचे

प्रदेश सरकार के अनुसार शुक्रवार को शाम छह बजे तक 92 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई, जिससे महाकुंभ में आ चुके कुल श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ को पार कर गई। अमेरिका, रूस, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों की आबादी 50 करोड़ से कम है। सरकार ने कहा, केवल भारत और चीन की आबादी ही महाकुंभ में आ चुके श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में ज्यादा है। इसके विपरीत अमेरिका, इंडोनेशिया, पाकिस्तान और ब्राजील जैसे देश काफी पीछे हैं।

नई पहल सभी राज्यों के लिए एक जैसा कानून लागू करेगी मोदी सरकार
अब देश में नहीं चलेगी दवाओं के दाम निर्धारण में मनमानी

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : साल 2025-26 के आम केंद्रीय बजट में आम जनता को कई प्रकार से सुविधा प्रदान करने की घोषणा के साथ मोदी सरकार ने अपने भविष्य के विजन को क्लियर कर दिया है। सालाना 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर जीरो टैक्स की घोषणा ने उसे दिल्ली विधानसभा चुनाव में बंपर जीत दिला दी है। इसके साथ ही अगर हम याद करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि आम लोगों के लिए जीवन रक्षक दवावों के दाम में कमी की घोषणा भी केंद्र सरकार ने की है। अपडेट जानकारी यह मिल रही है कि केंद्र सरकार ने दवाओं के दाम निर्धारण में मनमानी को सख्ती से खत्म करने का फैसला किया है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार की लागू होने वाली नई नीति के अनुसार, जल्द ही केमिस्ट और थोक विक्रेताओं के साथ-साथ ई-फार्मेसी पर भी दवाओं की मूल्य सूची दिखाई देगी। दवा उत्पादन करने वाली कंपनियों को यह लिस्ट विक्रेताओं तक को उपलब्ध करानी होगी। ऐसा इसलिए कि वे तय कीमत से अधिक दाम पर मरीजों को दवा नहीं बेच सकें।

केमिस्ट-थोक विक्रेताओं के साथ ई-फार्मेसी पर भी दिखेगा हर मेडिसिन का मूल्य
दवा उत्पादन करने वाली कंपनियों को सभी दुकानदारों को उपलब्ध करानी होगी सूची

- हर प्रकार की सभी दवाओं की कीमत सरकार की ओर से किया जाएगा निर्धारित
- मरीज या तीमारदार कभी भी खरीदी हुई दवा के मूल्य की कर सकेंगे जांच
- राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की ओर से जारी किया गया आदेश
- निर्धारित मूल्य से अधिक रेट लेने वालों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई

डीपीसीओ 2013 नियम के तहत 3111 नई दवाओं के लिए खुदरा कीमत निर्धारित

नियम के दायरे में आएंगे सभी प्लेटफॉर्म

हम देखते हैं कि वर्तमान में इंटरनेट के जरिए कई वेबसाइट और मोबाइल एप घर बैठे दवा आपूर्ति कर रहे हैं। इन्हें ई-फार्मेसी के रूप में पहचाना जाता है। ये सभी प्लेटफॉर्म भी इस नियम के दायरे में आते हैं और इन्हें भी दवाओं की मूल्य सूची को अपने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना आवश्यक है।

ज्यादा कीमत लेने पर होगी वसूली

गौरतलब है कि भारत में दवाओं की कीमतें निर्धारित करने का काम राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) का है, जो दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश-2013 के तहत कुछ दवाओं की अधिकतम कीमत तय करने का फैसला करता है। अगर कोई दवा उत्पादक ज्यादा कीमत पर दवा बेचता है, तो उससे वसूली की जाती है। 31 दिसंबर 2024 तक डीपीसीओ 2013 नियम के तहत करीब 3111 नई दवाओं के लिए खुदरा कीमत तय की गई है। इन दवाओं में कैंसर से लेकर कार्डियोवास्कुलर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, क्रोनिक किडनी रोग, एचआईवी, न्यूरोलॉजिकल विकार, मनोरोग विकार, एनाल्जेसिक, ज्वरनाशक, गैर-स्टेरॉयड और सूजन रोधी मेडिसिन को शामिल किया गया है।

बीजापुर मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों में से 28 की हुई शिनाख्त

BIJAPUR : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क के जंगल में बीती 9 फरवरी को हुई मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए थे। इन नक्सलियों में से 28 की शिनाख्त हो गई है। ये नक्सली एक करोड़ दस लाख के इनामी थे। शेष 3 मारे गये नक्सलियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि नेशनल पार्क एरिया में हुई मुठभेड़ में 11 महिला और 17 पुरुष नक्सलियों की पहचान हुई है। मारे गए 28 नक्सलियों के शव विधिवत परिजनों को सुपुर्द किए गए हैं। इस मुठभेड़ में नेशनल पार्क एरिया में 29 वर्ष से आतंक का पर्याय रहे हुंगा कर्मा का भी अंत हो गया है। कुल एक करोड़ दस लाख के इनामी नक्सली इस मुठभेड़ में मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार पश्चिम बस्तर डिवीजन सचिव डीवीसीएम 29 वर्षीय हूंगा कर्मा ऊर्फ सोनकू वर्ष 1996 में नक्सल संगठन में सक्रिय था।

पुलवामा हमले में शहीद जवानों को किया नमन
सीएम हेमंत व चम्पाई सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि 2019 में पुलवामा में कायराना आतंकी हमले में शहीद होने वाले अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन। वहीं दूसरी ओर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को शत शत नमन। आपके अदम्य साहस, वीरता और शौर्य का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। इसके अलावा लोकसभा सांसद और भाजपा नेता संजय सेठ ने कहा कि पुलवामा के आतंकी हमले में अपना बलिदान देने वाले मां भारती के सभी वीर सपूतों को मेरा कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रहित के लिए दिया गया आपका बलिदान, हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। यह देश आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।

BRIEF NEWS

55 एकड़ में लगी अफीम की फसल को पुलिस ने रौंदा

LATEHAR : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार अवैध अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाकर शुक्रवार को पुलिस ने 55 एकड़ में लगी अफीम की फसल को रौंद दिया। पुलिस ने बताया कि हेरहंज थाना क्षेत्र के ग्राम महुआटांड़, खीराखांड के आसपास क्षेत्र एवं अमानत नदी के किनारे सीमावर्ती गैरमजरूआ एवं वन भूमि के अलग अलग प्लॉट में लगी करीब 55 एकड़ पोस्ता-अफीम की फसल को 8 ट्रैक्टर व पोकलेन से नष्ट किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में हेरहंज थाना की पुलिस, सैट सशस्त्र बल, सीआरपीएफ जी-11 व आईआरबी के जवान भी शामिल थे। अवैध अफीम की खेती करने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

चतरा में करीब 75 एकड़ में लगी अफीम नष्ट

CHATRA : जिला पुलिस ने शुक्रवार को करीब 75 एकड 30 डिसमिल में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। इसमें लावालौंग थाना अंतर्गत ग्राम खाखर मे करीब 60 एकड़, कुंदा थाना अंतर्गत ग्राम बनयाडीह में करीब 6.5 एकड़, राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम हंदिरालूटा, रामखेता मे करीब 3 एकड़, वशिष्ठनगर थाना अंतर्गत ग्राम बंदरचूवा मे 30 डिसमिल, सदर थाना अंतर्गत ग्राम लूटा में करीब 3 एकड और हंटरगंज थाना अंतर्गत ग्राम कोलवा, लूटाफटा में करीब 2.5 एकड़ शामिल है।

रांची जिले में लगी थी 215 एकड़ में अफीम

RANCHI : रांची जिले में शुक्रवार को अभियान चलाकर जंगल क्षेत्र में 215 में अफीम की फसल लगी थी, जिसे ट्रैक्टर, ग्रास कटर मशीन एवं पुलिस बल द्वारा नष्ट किया गया। यह कार्रवाई तमाड़, बुंडू, सोनाहातु, राहे, नामकुम, अनगड़ा, खरसीदाग व दशामफाल थाना क्षेत्र में हुई। इसके अंतर्गत बुंडू थाना ने 52 एकड़, तमाड़ ने 80 एकड़, दशमफाल थाना ने 25 एकड़, सोनाहातु थाना ने 4 एकड़, राहे थाना ने 17 एकड़, नामकुम थाना ने 30 एकड़, अनगड़ा थाना ने 2 एकड़ और खरसीदाग थाना ने 5 एकड़ में कार्रवाई की।

एसपी ने स्टेडियम का किया निरीक्षण

PALAMU : शहीदों की स्मृति में मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होने वाले अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर पुलिस अधीक्षक सह टूर्नामेंट की अध्यक्ष रीष्मा रमशेन अपने दल के साथ शुक्रवार शाम ग्राउंड का निरीक्षण किया। आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ पूरे स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए एवं टूर्नामेंट के आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश भी दिए। इस अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने हर विभाग के कार्यों के बारे में बताया। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने भी स्टेडियम में हो रहे टेंट, मंच, लाइट इत्यादि के कार्यों के बारे में जानकारी दी। मौके पर मेजर प्रभारी सुरेश राम, पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा, टीम प्रबंधक संदीप कुमार राम, मीडिया प्रभारी अजीत कुमार पाठक सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

युवक ने फंदे पर लटक कर दे दी जान

RAMGARH : रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक युवक ने अपने घर में पंखे की कुंडी से फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। जब घर वालों को इसका पता चला तो उन लोगों के होश उड़ गए। कुजू नया बाजारटांड़ निवासी कुणाल सिंह उर्फ छोटू (31) ने गुरुवार की रात इतना बड़ा कदम उठाया। जानकारी के अनुसार कुणाल सिंह पिछले कई दिनों से काफी तनाव में रह रहा था। उसका पैसा मार्केट में और संबंधियों के बीच फंसा हुआ था। लेनदेन के कारण वह इतना कर्ज में डूब गया था, जिसकी वजह से उसकी मानसिक स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी। कुणाल की मां जब खाना लेकर उसके कमरे में गई तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं दिया, तो उन्होंने कुणाल के पिता रामकुमार सिंह को इसकी जानकारी दी। पिता और पड़ोसियों ने मिलकर जब दरवाजा तोड़ा तो कुणाल की लाश पंखे से लटकती हुई मिली। जब यह घटना घटी थी तो कुणाल की पत्नी अपनी तीन माह की बेटी के साथ अपने मायके रांची में थी। तत्काल परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सीमेंट लदा एलपी ट्रक पलटा चालक और खलासी की मौत

रांची-पटना मुख्य मार्ग पर चुटूपालु घाटी में हुई दुर्घटना, हजारीबाग से आ रहा था ट्रक

AGENCY RAMGARH : रांची-पटना मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर के चुटूपालु घाटी में शुक्रवार को सड़क हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गई। रांची से हजारीबाग की ओर से आ रहे सीमेंट लदा एलपी ट्रक (सीजी 04एमएस 4977) अचानक घाटी में अनियंत्रित हो गई और घाटी के गढ़के मोड़ के पास आकर पलट गई। इस घटना में ट्रक के मलबे में चालक और खलासी बुरी तरह दब गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से किसी तरह निकलवा कर दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत अहिवारा, नंदनी नगर निवासी ट्रक मालिक सह चालक अजय कुमार जैन और खलासी रायपुर जिला अंतर्गत सरधू गांव निवासी प्रकाश वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी दोनों मृतकों के परिवार वालों को दी।

घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त ट्रक ● फोटोन न्यूज

चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कब तक एनएचएआई के अधिकारी नजर अंदाज करेंगे। डीसी चंदन कुमार ने भी कई बार एनएचएआई के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में घाटी में हो रही दुर्घटनाओं पर सकारात्मक पहल करने का निर्देश देते हैं। लेकिन यह निर्देश सिर्फ बैठक तक ही सीमित रह जाती है। अगर डीसी निर्देश देने के अलावा एनएचएआई के अधिकारियों पर कड़े एक्शन लेते है तो निश्चित ही कुछ पहल हो सकता है।

चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोक थाम को लेकर डीसी हर बार सड़क सुरक्षा की बैठक कर एनएचएआई के अधिकारियों को कई निर्देश देते है। इससे पूर्व 10 फरवरी को डीसी ने चुटूपालु घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए घाटी में लगाई गई लाइट को नियमित रूप से कार्य करने को लेकर निर्देश दिए थे। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर साइन बोर्ड जल्द से जल्द लगाने का भी निर्देश दिए थे। बावजूद इस और एनएचएआई ने सकारात्मक पहल नहीं करने पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है।

पांडे गिरोह के लिए रंगदारी मांगने वाला अपराधी गिरफ्तार

RAMGARH : झारखंड समेत कई राज्यों में संगठित आपराधिक गिरोह को संचालित करने वाला विकास तिवारी अपने इशारे पर व्यापारियों से रंगदारी वसूलवा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब इस गिरोह का एक सदस्य अनिल यादव रामगढ़ और लातेहार पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार हुआ। शुक्रवार को पुलिस अनिल यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच लातेहार ले गई। लेकिन रामगढ़ में जो कहानी सामने आई वह चौंकाने वाली थी। रामगढ़ शहर के बंगाली टोला निवासी अनिल यादव गिरोह के लिए काफी लंबे समय से काम कर रहा था। विकास तिवारी के इशारे पर वह दूसरे जिले के व्यापारियों और ठेकेदारों को ना सिर्फ धमकता था, बल्कि उन्हें रामगढ़ बुलाकर रंगदारी वसूलता था। धमकी देने के बाद जब व्यापारी उसे पैसे देने के लिए राजी होते थे, तो उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 33 का एक लोकेशन उन्हें भेजता था। लातेहार के एक व्यापारी को जब पांडे गिरोह की ओर से धमकी मिली तो वह सदमे में आ गया। लेकिन बाद में उसने पुलिस का सहारा लिया। जब पुलिस गिरोह के सदस्यों को ट्रैक कर रही थी, तो इसकी भनक किसी को नहीं लगी। अनिल यादव ने रंगदारी की रकम लेने के लिए जब अपना लोकेशन भेजा, तो पुलिस इस लोकेशन को ट्रैक कर रामगढ़ कोठार ओवर ब्रिज तक पहुंची।

प्रेमी ने शादी से किया इंकार तो प्रेमिका ने दे दी जान

KODERMA : जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत मधुबन पंचायत के ग्राम सिमरिया में प्रेमी के शादी से इंकार करने पर प्रेमिका ने कुएं में कूद कर जान दे दी। बताया जाता है कि युवती के परिजनों ने प्रेमी से ही युवती की शादी भी ठीक कर दी थी। कुछ दिनों में शादी की रस्में होने वाली थी। घटना में मृतका की पहचान रुबी कुमारी (18) के रुप में की गयी है। वह डोमचांच थाना के सिमरिया गांव निवासी प्रेमचंद यादव की पुत्री थी। जानकारी के अनुसार रूबी कुमारी डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही निवासी सूरज कुमार यादव से प्यार करती थी। विवाह भी होने वाला था लेकिन प्रेमी सूरज यादव ने अचानक शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद प्रेमिका ने शुक्रवार सुबह कुएं मे कूदकर जान दे दी। उसे कुएं में डूबते देख बच्चों ने हल्ला किया जिसके बाद ग्रामीण दौड़ कर पहुंचे। तब तक युवती कुएं में छलांग लगा चुकी थी। आनन - फानन में ग्रामीणों ने युवती को बाहर निकाला तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश अपने दल बल के साथ पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

घर पर लगी भीड़ व इनसेट में मृतक

रिक्शा चालक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

● घर के बाहर मदद के लिए चिल्लाता रहा घायल व्यक्ति कोई नहीं आया

AGENCY PALAMU : एक रिक्शा चालक की उसके घर के समीप हत्या करने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। जख्मी हालत में वह मदद के लिए घर के बाहर चिल्लाता रहा, लेकिन शराबी समझकर किसी ने उसकी मदद नहीं की। सूचना मिलने पर शुक्रवार को पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज रेलवे लाइन से सटे इलाके की है। इस संबंध में शहर थाना में अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। रिक्शा चालक की पहचान आबादगंज रेलवे लाइन के पास रहने वाले 35 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में की गयी है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।

घटनास्थल पर पड़ा मृतक का शव ● फोटोन न्यूज

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। उसके पैर टूटे हुए थे और जांघ में दो छेद मिले। नुकीले हथियार से हमला किया गया था। हमलावरों ने राकेश को मारने के बाद रेलवे पटरी के किनारे बने नाले में फेंक दिया था। घटना रात करीब एक से डेढ़ बजे की है।

राकेश ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन मुहल्लेवालों ने उसे शराब पीकर हंगामा करने वाला समझ लिया और कोई मदद को नहीं आया। घायल राकेश किसी तरह नाले से बाहर निकला और किसी तरह अपने घर तक पहुंचा, जहां उसने दम तोड़ दिया। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में उसके घिसटते हुए जाने का फुटेज मिला है। रास्ते में खून के निशान भी मिले हैं। अधिक खून बहने से उसकी मौत होने की बात कही जा रही है। घटना के समय राकेश की मां कुंभ स्नान के लिए बाहर गई हुई है। गुरुवार को राकेश घर में ताला लगाकर रिक्शा चलाने गया था। पूर्व वार्ड पार्षद के बयान पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

पेट्रोलिंग ड्यूटी से लौटे हवलदार की मौत, पुलिस लाइन में दी गई सलामी

AGENCY PALAMU : पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सरइडीह पिकेट में कार्यरत जैप-8 के हवलदार छोटन राम (55) की मौत हो गयी। हवलदार बीती रात पेट्रोलिंग ड्यूटी करके लौटे थे। सीने में दर्द होने पर उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृत्यु के पश्चात उनका शव एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में सलामी दी गयी। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे और अपनी देखरेख में पोस्टमार्टम करवाया था। शुक्रवार दोपहर पुलिस केन्द्र पलामू में सलामी एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक-सार्जेंट मेजर सुरेश राम, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, सचिव लालू उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, अंकेक्षक सुनील कुमार, एमटी सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी, जीपी सर्जेंट मेरी खलखो, नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर नागेंद्र चौधरी, जैप-8 के कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, अंकेक्षक सिकंदर कुमार, केंद्रीय सदस्य द्वारिका प्रसाद महतो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा, ओमप्रकाश, प्रदेश संयोजक जसवंत कुमार पांडे एवं अजीत कुमार शुक्ला, पुलिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एसआई रूपेश कुमार सिंह, पुलिस केंद्र के पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। सलामी के बाद हवलदार का पार्थिव शव उनके पैतृक गांव उत्तर प्रदेश के डाला चोपन के लिए सरकारी वाहन से पूरे सम्मान के साथ भेजा गया।

पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि देते जवान व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

छात्रा का शारीरिक शोषण, एफआईआर

PALAMU : पलामू जिले के पिपरा प्रखंड की दलपतपुर पंचायत में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय भितिहा की अनाथ नाबालिक छात्रा से शारीरिक शोषण को लेकर शुक्रवार को 8 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और छात्रा के परिजन एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान जमकर हंगामा किया। मामले में गंभीरता देखते हुए छात्रा की बीती रात ही एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच की गयी। शुक्रवार को इस संबंध में पोक्सो सहित अन्य धाराओं में पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस छानबीन में जुटी है। वार्डन चंदा कुमारी ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक छात्रा लगभग 10 .30 बजे विद्यालय से जन वितरण प्रणाली की ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने की बात कह अपने परिचित के साथ विद्यालय से बाहर निकली थी। बाद में अपराह्न करीब दो बजे वापस स्कूल लौटी। वहीं सूचना पाकर छात्रा के परिजन जब विद्यालय पहुंचे तो लौटने पर उसकी हालत ठीक नहीं थी। वह नशे की हालत में लग रही थी। कुछ भी नहीं बता पा रही थी।

टाटा स्टील ने लगाया मोतियाबिंद चिकित्सा शिविर, हो रही सर्जरी

शिविर का उद्घाटन करते बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो

JAMADOBA : टाटा स्टील फाउंडेशन ने शंकर नेत्रालय के सहयोग से मालकेरा कम्युनिटी सेंटर में मोतियाबिंद शल्य शिविर लगाया है, जो 14 से 18 फरवरी तक चलेगा। इसमें 10-13 फरवरी तक लगे शिविर में चिह्नित 250 मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। इस शिविर का उद्घाटन बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने किया। मरीजों की सर्जरी डॉ. सुजॉय सरकार और डॉ. आहाना सेन (शंकर नेत्रालय) द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर संजय राजोरिया (जनरल मैनेजर), नरेंद्र कुमार गुप्ता (चीफ, जामाडोबा ग्रुप), विकास कुमार (चीफ, सिजुआ ग्रुप), डॉ. आलोक कुमार (चीफ मेडिकल ऑफिसर, टाटा मेन हॉस्पिटल जामाडोबा), सुजीत कुमार झा (सीनियर एरिया मैनेजर, सिक्योरिटी), विकास कटारिया (मैनेजर, सिक्योरिटी), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, राजेश कुमार (यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन), सागरिका गुप्ता (मैनेजर, टाटा स्टील फाउंडेशन), और बिनोद रजक (मुखिया, मलकेरा) सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

सुरक्षाकर्मियों की कमी और ग्राहकों की लापरवाही से अपराधी घटना को दे रहे अंजाम

सुरक्षा मानकों पर फेल है बैंक प्रबंधन, चोर उचक्के कर रहे मौज

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिले के बैंकों में पैसे जमा करने वाले और निकालने वाले ग्राहक अक्सर बाइकर्स गैंग और चोर उचक्कों के शिकार हो रहे हैं। पहले तो अपराधी बैंक के अंदर उनकी निगरानी करते थे और बाहर निकलते ही लूट लेते थे। लेकिन अब चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह बैंक के अंदर ही ग्राहकों को अपना शिकार बनाने लगे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि दर्जनों छिनतई और लूट की वारदातों के बावजूद बैंक प्रबंधन अपनी सुरक्षा में कोई भी सुधार नहीं कर रहा है।

ना तो सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाई जा रही है और ना ही वह चोरों को पकड़ने के लिए बैंक प्रबंधन के सुरक्षा अधिकारी कोई काम कर रहे हैं। लूट और छिनतई की हर वारदात के बाद

ग्राहकों को नजदीकी थाना का रास्ता दिखा दिया जाता है। रामगढ़ जिले का ऐसा कोई बैंक नहीं जहां चोर उचक्कों ने ग्राहकों को नहीं लूटा हो।

बैंक से पैसे निकाल कर बाहर निकलने वाले ग्राहक से बैग छीनकर बाइकर्स रफू चक्कर हो जाते हैं। हाल में बैंक ऑफ बड़ोदा और बैंक ऑफ इंडिया में ऐसी वारदात हुई जिसने ग्राहकों को सदमे में पहुंचा दिया है। अपराधी बैंक के अंदर मौजूद रहते हैं और वह ग्राहकों का जेब काट लेते हैं। वैसे लोगों की पहचान करने और पकड़ने के लिए बैंक ना तो कोई पहल करता है और ना ही सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी निभाता है। बैंक में आने वाले ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ाने और अपराधियों को पकड़ने के लिए जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है।

पुलिस भी अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। लेकिन बैंक के अधिकारी इन सभी मुद्दों पर अपना पल्ला झड़े हुए नजर आते हैं।

हर वारदात के बाद बैंक अपनी डफली, अपना राग अलापते नजर आता हैं। एसपी ने बेहतर क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाने और कई एंगल पर कैमरे लगाने के लिए सभी बैंक प्रबंधकों को चिट्ठी भी लिखी थी। डीएसपी और रामगढ़ थाना प्रभारी के स्तर से भी बैंकों को चिट्ठी लिखी गई। लेकिन किसी भी बैंक ने उसपर अमल नहीं किया।

वह पुराने जमाने के सामान्य सीसीटीवी कैमरे पर ही अपनी सुरक्षा का राग अलापते हैं। रामगढ़ शहर के लोग चोर और बाइकर्स गैंग का शिकार होने के बाद सीधे थाना पहुंचते हैं। लेकिन कभी भी बैंक प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी निभाता नहीं दिखा।

इस मुद्दे पर ना तो कभी चेंबर ऑफ कॉमर्स और ना ही व्यापारियों का अन्य संगठन सक्रिय नजर आता है। ग्राहक बैंक के अंदर लूटे जाएं या सड़कों पर, नतीजा यह है कि उनकी गाढ़ी कमाई से चोर अपनी जेबें भर रहे हैं। क्या कभी बैंक प्रबंधकों की जिम्मेदारी तय होगी? ताकि ग्राहकों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा हो सके।

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा चुनहट वाटर फॉल

AGENCY PALAMU : पलामू उपायुक्त शशि रंजन के साथ जिला, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल के पदाधिकारी शुक्रवार को रामगढ प्रखंड के सुदूरवर्ती बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंचे। वहां जनता दरबार लगाकर आमजनों की जन समस्याओं को सुना और उसका निदान किया। वहीं तत्काल निष्पादन योग्य नहीं रहने वाले मामलों को आगामी कुछ दिनों में निराकरण का भरोसा दिया। उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखी। जनता दरबार में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने गांव में बिजली और सड़क संबंधी समस्याओं को दूर करने की मांग की। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंता से बात कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अप्रैल माह तक

जनता दरबार में महिला से बात करते उपायुक्त शशि रंजन ● फोटोन न्यूज

गांववासियों को निर्वाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को प्राथमिकता के तहत गांव में बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र, उलमान 2 को गांव की सीमा क्षेत्र में बनने की बात उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की सीमा क्षेत्र में आंगनबाड़ी का भवन बन रहा है, इसका निर्माण गांव के बीच में कराया जाए, तो बच्चे ज्यादा लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने इसके लिए भरोसा दिया और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र उनके गांव के बीच में बनाए जाएंगे। ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को नशा छोड़ने की अपील की। उपायुंक्त ने कहा कि नशा से उनका और उनके परिवार को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नशा से ग्रामीण को ही नुकसान हो रहा है। जनता दरबार में एक बच्चे के जलने की शिकायत मिली। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को बच्चे को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

BRIEF NEWS

झारखंड में उत्तर पश्चिमी हवाओं से फिर लौटी ठंड

RANCHI : राज्य भर में उत्तर उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से ठंड फिर से लौट आई है। इन हवाओं के चलने से जहां रात में कनकनी बढ़ गई है। वहीं दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा है। गुरुवार की तुलना में शक्रवार को न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। ठंड कम होने से लोग गर्म कपडे.रखने की तैयारी में थे, लेकिन ठंड बढने से लोगों को गर्म कपड़ों की फिर जरूरत महसूस होने लगी। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। उल्लेनखनीय है कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार चढाव होने की बात कही है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 25 .2 और न्यूनतम 5.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि जमशेदपुर में 32 .2 और 12 डिग्री, डालटेनगंज में 29 .6 और 9 .3 डिग्री, बोकारो में 31 .1 और 10 .1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 33 .4 और न्यूनतम तापमान 10 .6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

बाबूलाल ने पंचायतों के अधिकारों में कमी पर जताई चिंता

RANCHI : झारखंड में पंचायतों को अधिकार देने की स्थिति राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चिंता व्यक्त की है। मरांडी शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि ग्राम पंचायतों को स्वायत्त शासन की शक्ति दी जानी चाहिए, लेकिन अधिकारों की कमी के कारण वे शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और बुनियादी ढांचे से जुड़े फैसले स्वतंत्र रूप से नहीं ले पातीं। बाबूलाल ने बताया कि वित्तीय स्वतंत्रता की कमी भी विकास कार्यों में बाधा बन रही है, जिससे स्थानीय शासन प्रणाली कमजोर हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि ग्राम पंचायतों को समुचित संसाधन और वित्तीय स्वायत्तता देकर सशक्त बनाया जाये, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।

रांची के श्री महावीर मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 से

RANCHI : बूटी स्थित श्री महावीर मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव 21 फरवरी से धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष वार्षिकोत्सव भव्य रूप से आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन 21 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल होंगे। सुबह आठ बजे कलश यात्रा निकलेगी। दोपहर एक बजे वेदी पूजन के बाद मंडप प्रवेश होगा। संध्या आरती के बाद खीर भोग का वितरण किया जाएगा। 22 फरवरी को मंडप परिक्रमा, मंडप पूजन और संध्या आरती के बाद खिचड़ी वितरण के साथ अखंड कीर्तन शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक किया जाएगा। 23 फरवरी को मंडप परिक्रमा, देव पूजन, रुद्राभिषेक, हवन, महाआरती, ब्राह्मण विदाई के बाद भव्य भंडारा किया जाएगा। शाम सात बजे से जगराता आयोजित की जाएगी।

रातू अंचल कार्यालय की संपत्ति अटैच

RANCHI : अदालत के आदेश पर 25 हजार रुपये की बकाया राशि की वसूली के मामले में रातू अंचल कार्यालय की अचल संपत्ति को अटैच कर लिया गया। बता दें कि यह आदेश सिविल कोर्ट के मुंसिफ चंदन कुमार गोस्वामी की अदालत ने 12 फरवरी को दिया था। अदालत के फैसले के अनुसार, रातू अंचल कार्यालय को 2019 में बकाया राशि देने का आदेश दिया गया था। लेकिन वह समय पर भुगतान नहीं कर पाया। इस मामले में सिविल कोर्ट के नाजिर कार्यालय के अधिकारी जीशान इकबाल, धर्मेंद्र सिंह और सत्यदेव कुमार की टीम ने रातू अंचल कार्यालय की अचल संपत्ति को अटैच करने की कार्रवाई की। यह मामला 2016 से जुड़ा हुआ है, जब हीरावती देवी और अन्य ने सिविल कोर्ट मुंसिफ की अदालत में मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में राजस्व सचिव, कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर, एडिशनल कलेक्टर, एलआरडीसी, सीओ और सीआइ को प्रतिवादी बनाया गया था। अदालत ने 19 नवंबर 2010 को इस मुकदमे में हीरावती देवी और उनके साथियों के पक्ष में निर्णय दिया था।

AFFIDAVIT
मैं मौसुमी पाल,उम्र 52 वर्ष, पति स्व. दीपंकर दत्ता, पता कोकर तिरिल, थाना सदर, जिला राँची शपथ पत्र सं.- 418 दिनांक 23/12/24 ,घोषणा करती हूँ कि मेरा फिक्स डिपोजिट रिसीट नं RN/162645 जो की मेरे स्व पति दीपंकर दत्ता, के नाम से निर्गत है, खो गया है ,मिलने पर कृपया संपर्क करें एच डी एफ सी ,उपल कॉम्प्लेक्स, नियर ओवर ब्रिज,राँची, झारखंड, फोन 9835533185

ग्राउंड वाटर लेवल बचाने की नगर निगम की कोशिश ने किया कमाल

पिछले साल शहर के घरों में की गई सरफेस वाटर की सप्लाई, ट्रीटमेंट के बाद होती है जलापूर्ति

1.60 करोड़ लीटर भूमिगत जल बचाने में मिली सफलता, आइडिया को धरातल पर उतारने में लगी है टीम

VIVEK SHARMA @ RANCHI : पॉजिटिव थिंकिंग से बेहतर आइडिया सामने आते हैं। जब आइडिया धरातल पर उतारे जाते हैं, तो इसके मनचाहा परिणाम भी परिलक्षित होने लगते हैं। रांची नगर निगम ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्राउंड वाटर को बचाने और उसकी स्थिति बेहतर बनाए रखने को लेकर उसके एक आइडिया ने वाकई कमाल कर दिया है। इस आइडिया को धरातल पर उतारने के लिए रांची नगर निगम की टीम ने पिछलेसाल पूरे शहर में सरफेस वाटर की सप्लाई की। इसका परिणाम यह हुआ है कि रांची नगर निगम ने 1.60 करोड़ लीटर ग्राउंड वाटर को बचाया। ग्राउंड वाटर बचाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयोग कर रहा है। इस पहल के तहत नगर निगम ने सरफेस वाटर (जमीन के ऊपर दिखने वाला पानी) का ट्रीटमेंट करके उसे शहर में सप्लाई की। इस बार भी गर्मियों में सरफेस वाटर सप्लाई करने की निगम की योजना है। इससे नगर निगम को डीप बोरिंग से टैंकरों में पानी की रीफिलिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पहले होता था टैंकरों का उपयोग

रांची नगर निगम ने सरफेस वाटर का ट्रीटमेंट करके शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल आपूर्ति की थी। पहले नगर निगम शहर में पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों का उपयोग करता था, जिसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में रीफिलिंग प्वाइंट्स बनाए गए थे। इन प्वाइंट्स पर डीप बोरिंग से पानी भरकर टैंकरों के माध्यम से जल वितरण किया जाता था। हालांकि, कभी-कभी बोरिंग फेल हो जाने, बिजली की आपूर्ति में समस्या आने या टैंकरों को लाने और ले जाने में अधिक समय लगने की वजह से पानी की सप्लाई बाधित हो जाती थी। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रांची नगर निगम ने सरफेस वाटर को ट्रीट कर टैंकरों में भरकर उसे वाटर क्राइसिस वाले इलाकों में आपूर्ति करना शुरू किया। इसके लिए शहर के तीन प्रमुख डैम रूक्का, कांके और हटिया डैम से पानी लिया गया। इन डैम्स के पानी को ट्रीटमेंट के बाद टैंकरों में भरकर लोगों के घरों तक पहुंचाया गया।



नहीं पड़ी डीप बोरिंग से रीफिलिंग की जरूरत

इस नई व्यवस्था से नगर निगम को न केवल डीप बोरिंग से टैंकरों में रीफिलिंग की जरूरत नहीं पड़ी, बल्कि इससे 1.60 करोड़ लीटर ग्राउंड वाटर बचा लिया गया। इसके साथ ही पानी की आपूर्ति के काम में भी कोई रुकावट नहीं आई। इतना ही नहीं ड्राइवरों को पानी के वितरण में आसानी हुई। इस व्यवस्था ने नगर निगम को जल संकट से निपटने में महत्वपूर्ण सफलता दिलाई है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग की अपील

रांची नगर निगम ने शहरवासियों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग की अपील भी की है। निगम का मानना है कि यदि हर घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जाती है, तो वर्षा का पानी सीधे धरती में चला जाएगा। इससे ग्राउंड वाटर लेवल को मेंटेन रखने में मदद मिलेगी। इसके माध्यम से जल संकट को कम किया जा सकता है और आने वाले समय में पानी की किल्लत दूर की जा सकती है। निगम की अपील के बाद कई लोग अपने घरों और भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करा रहे है। लेकिन कुछ ऐसे लोग है जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं होने के कारण डेढ़ गुना पेनाल्टी भर रहे है। फिर भी अपने घरों और भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करा रहे है। विशेषज्ञों की मानें तो रांची शहर के कई इलाकों में पानी का स्तर काफी नीचे चला गया। क्षेत्रों को ड्राई जोन घोषित किया गया है। ऐसे में रेन वाटर हार्वेस्टिंग से इन इलाकों में पानी की स्थिति बेहतर हो सकती है।

सदर थाना क्षेत्र के एक ही अपार्टमेंट में चोरी की वारदात को दिया गया अंजाम

तीन फ्लैटों का ताला तोड़कर लाखों के गहने और नकद उड़ा ले गए चोर

फ्लैट नंबर 401 से 12 लाख के आभूषण और कुछ कैश की हुई चोरी

- फ्लैट नंबर 305 और 402 में रहने वाले लोग अभी भी हैं बाहर
- फ्लैट नंबर 401 के मालिक अमित कुमार ने सदर थाने में दर्ज कराई है प्राथमिकी
- पुलिस ने मामले की शुरू की जांच

CRIME REPORTER RANCHI : अपराधियों पर लगाम काम को लेकर पुलिस चाहे जितना भी दावा करे, राजधानी रांची में चोर गिरोह के हौसले बढ़ गए हैं। हर दिन किसी न किसी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। शुक्रवार को फिर चोरी का मामला सामने आया है। यह मामला सदर थाना क्षेत्र का है। सदर थाना क्षेत्र के पीतांबर रेजिडेंसी के तीन फ्लैट्स का ताला तोड़कर लाखों के गहने और रुपयों पर चोरों ने हाथ साफ किया है। चोरी की वारदात की सूचना के बाद सदर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि चोरी को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन दिया गया है, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीतांबर रेजिडेंसी के फ्लैट नंबर 305, 401 और 402 में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि फ्लैट नंबर 401 में रहने वाले अमित कुमार के ससुर का देहांत हो गया था। इसकी वजह से वह अपने परिवार के साथ हजारीबाग गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में चोरी की की। अमित कुमार ने बताया कि उनके घर से 12 लाख के गहने और कुछ नकद पैसे चोर चुरा कर ले गए हैं। फ्लैट नंबर 305 और 402 में रहने वाले लोग अभी तक नहीं आ पाए हैं, इसलिए उनके यहां चोरी कितने की हुई है, इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है।

पीड़ित अमित को पड़ोसी ने दी थी सूचना

पीड़ित अमित कुमार ने बताया कि उनके पड़ोसी द्वारा उन्हें सूचना दी गई कि उनके घर का ताला टूटा पड़ा है। जब वह घर पहुंचे तो देखा अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। अलमीरा को चोरों के द्वारा तोड़ दिया गया। अलमारी में कीमती गहने रखे गए थे। सबको चोर अपने साथ लेकर चले गए। अमित कुमार ने बताया कि मामले को लेकर उन्होंने सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

राजधानी में लगातार हो रही चोरियां

आपको बता दें कि राजधानी रांची में चोरी की वारदातों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है और खासकर बंद घरों को सबसे ज्यादा निशाना बनाया जा रहा है। बुधवार को भी अज्ञात चोरों द्वारा रांची के बीआईटी इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इससे पहले पुंदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टावर में एक साथ चोरों ने पांच फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी की घटना कौन अंजाम दिया था।

विशाल कलश यात्रा में पहुंचीं 2100 महिलाएं

- आज से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा जुटेंगे हजारों श्रद्धालु
- 10 हजार भक्तों के बैठने का है इंतजाम

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पहले विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 2100 महिलाएं शामिल हुईं। यह यात्रा टाटीसिल्वे के ईईएफ मैदान से शुरू होकर टाटीसिल्वे चौक, बैंक मोड़ और गायत्री मंदिर होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाएं राधा नाम का जाप करती हुईं, कलश सिर पर लेकर यात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। यात्रा में 27 पवित्र तीर्थों का जल भी एकत्र किया गया। इसमें त्रिवेणी संगम, सरयू, गंगोत्री, यमुनोत्री, राधा कुंड (गोवर्धन) और नंदीग्राम अयोध्या से जल लाया गया। यह जल महिलाओं को कलश में वितरित किया गया। यात्रा के बाद सभी कलश कथा स्थल पर सजाए गए और एक घंटे तक भजन संध्या का आयोजन किया गया। शनिवार से शुरू होने वाली 8 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक पुज्य इंद्रेश जी कथा के प्रसंग सुनाएंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। कथा स्थल पर 10,000 से अधिक भक्तों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसमें सुरक्षा के लिए 100 कार्यकर्ता, 30 पुलिस बल, 14 सिक्योरिटी गार्ड और 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कथा स्थल पर अन्य सुविधाओं के तहत, गुलाब जल इत्र सेवा, धार्मिक वस्तुओं की बिक्री, निःशुल्क आरती पुस्तिका वितरण, प्रसाद वितरण, शू स्टैंड, पानी, चाय, मेडिकल सुविधा, शौचालय सुविधा और पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

रांची में रिंग रोड पर दो बसों की टक्कर, चालक को हल्की चोट

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र के रिंग रोड स्थित रूदिया आम बगान के पास शुक्रवार दोपहर एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सिर्फ बस चालक को हल्की चोट आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागालैंड नंबर की चार बसों में यात्री तीर्थस्थल गया के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान दो बसों की आपस में टक्कर हो गई, जिससे एक बस के आगे का शीशा टूट गया और चालक घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मेसरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक का इलाज कराया। अन्य यात्रियों को दूसरी बसों में बैठाकर यात्रा के लिए

रवाना किया गया। एएसआई अंजय चंद्रवंशी ने बताया कि चार बसों में यात्री बोधगया जा रहे थे। इस दौरान दो बसें आपस में टकरा गईं, जिससे एक बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल चालक का इलाज करवाकर उन्हें भी रवाना कर दिया गया। पुलिस ने बस को सड़क से हटवा दिया है, जिससे यातायात सामान्य हो गया।

सुषमा स्वराज की जयंती पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

RANCHI : पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि सुषमा स्वराज जी का नाम सामने आते ही एक सादगी और सौम्यता की प्रतिमूर्ति उभर आती है। सुषमा जी बड़ी आसानी से अपने वाद-चातुर्य के बल पर विरोधियों को परास्त करने के लिए जानी जाती थीं। अपनी क्षमता और मेधा के आधार पर नारी शक्ति किस प्रकार राजनीति में अपना लोहा मनवा सकती है, इसका एक सफल उदाहरण सुषमा स्वराज जी थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विकास प्रीतम, हेमंत दास, अशोक बड़ाइक, पंकज सिन्हा, मनोज दूबे, सीमा सिंह, बबीता वर्मा, संजय जायसवाल, योगेंद्र लाल, सहित कई उपस्थित थे।

इंडियन हर्निया सोसाइटी की कॉन्फ्रेंस में नई तकनीक पर हुई चर्चा

एक्पर्ट ने कहा- लेप्रोस्कोपी से सर्जरी के बाद दो दिनों में काम पर लौट सकता है मरीज

PHOTON NEWS RANCHI : अगर आपके भी पेट के नीचे या जांघों के उपर किसी तरह की सूजन है और दबाने के बाद वह ठीक हो जाती है, तो अलर्ट हो जाएं। यह लक्षण हर्निया का हो सकता है। ये कहना है इंडियन हर्निया सोसाइटी की कॉन्फ्रेंस में आए सर्जंस का। उन्होंने बताया कि ये सूजन कुछ देर के लिए होती है। इसे दबाने से वह नार्मल हो जाती है, जबकि कुछ मामलों में हमेशा सूजन के साथ भारीपन महसूस होता है। इसे इग्नोर करने की बजाय तत्काल डॉक्टर से

पेट से जांघ के बीच सूजन हो सकता है हर्निया का लक्षण

कंसल्ट करें। इसकी सर्जरी भी कराने की सलाह एक्सपर्ट्स ने दी। बता दें कि रेडिशन ब्लू में इंडियन हर्निया सोसाइटी ने दो दिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन किया था। इसमें देश के कई नामी सर्जंस शामिल हुए।

ऑपरेशन के बाद सूजन होना भी हर्निया

किसी ऑपरेशन के बाद सूजन आ जाए तो वह भी हर्निया हो सकता है। वहीं पेट और जांघ के बीच सूजन भी ग्रोइंग हर्निया का लक्षण हो सकता है। इसे इग्नोर खतरनाक हो सकता है। सूजन दिनभर में बढ़े और हाथ से दबाने पर नार्मल हो जाए। नाभि और प्राइवेट पार्ट के बीच की सूजन भी हर्निया है। इसका एकमात्र इलाज सर्जरी ही है।

कंपनी की जमीन और भवनों को लीज पर देने को केंद्र के पास भेजा जाएगा प्रस्ताव

अपने दम पर एचईसी को चलाने की बन रही योजना

PHOTON NEWS RANCHI : हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) को बेहतर तरीके से चलने के लिए फिर से प्रयास शुरू कर दिया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अब इसे अपने संसाधनों से चलाने की योजना फिर से बनाई जा रही है। एचईसी की यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव डालना शुरू कर दिया है कि खाली जमीन, भवन और क्वार्टर को लीज या बिक्री के जरिए मिलने वाली राशि से कंपनी को संचालित किया जाए। याद कीजिए, भारी उद्योग मंत्री ने हाल ही में स्पष्ट किया है कि एचईसी को अपनी सभी देनदारियों का भुगतान अपने संसाधनों से ही करना होगा। इसके बाद यूनियनों ने प्रबंधन से मांग की है कि वह जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार करे। श्रमिक नेताओं का कहना है कि एचईसी के पास बड़ी मात्रा में जमीन, भवन और क्वार्टर हैं, जिन्हें लीज पर देकर कंपनी की वित्तीय स्थिति को सुधारा जा सकता है।

यूनियनों की ओर से प्रबंधन पर नई स्कीम के लिए बनाया जा रहा दबाव

पहले केंद्र सरकार ने रोक दिया था प्रस्ताव

बता दें कि पहले भी एचईसी ने अपने संसाधनों का उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार से अनुमति मांगी थी, लेकिन उस समय यह प्रस्ताव खारिज कर दिया गया था। एनटीपीसी, बैंक और तेल कंपनियों ने एचईसी की जमीन लीज पर लेने की इच्छा जताई थी, लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया।

आधुनिकीकरण के लिए तैयार की गई थी योजना

तत्कालीन नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके सारस्वत की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने एचईसी के आधुनिकीकरण के लिए 1100 करोड़ रुपये की योजना तैयार की थी। इसमें तीन चरणों में आधुनिकीकरण की सिफारिश की गई थी- पहला चरण: 500 करोड़ रुपये दूसरा और तीसरा चरण: 300-300 करोड़ रुपये इसके अलावा, स्मार्ट सिटी योजना से मिलने वाले 742 करोड़ रुपये को भी आधुनिकीकरण में लगाने की सिफारिश की गई थी। केंद्र सरकार ने अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई निर्णय नहीं लिया है। अब जब सरकार ने एचईसी को अपने संसाधनों का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है, तो प्रबंधन को जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार कर इसे अमल में लाना जरूरी है।

रांची-प्रयागराज फ्लाइट का किराया छू रहा आसमान

RANCHI : प्रयागराज महाकुंभ को लेकर विमान यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रांची से प्रयागराज के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट के लिए यात्रियों को 34,277 रुपये अदा करने होंगे। यह विमान पहले रांची से दिल्ली ले जाएगा और उसके बाद दूसरे विमान से प्रयागराज के लिए यात्रियों को भेजेगा। विमानों के अलग-अलग समयावधि में कनेक्टिंग फ्लाई का किराया ही 23,405 रुपये से शुरू हो रहा है। इसके अलावा रांची से दिल्ली तक का विमान किराया इंडिगो में 9,263 रुपये और एयर इंडिया में 10,102 रुपये से अधिक अदा करना होगा। जबकि सामान्य दिनों में रांची से दिल्ली का किराया 3500 से 6000 रुपये तक यात्रियों को अदा करना पड़ता है। इस बढ़ते हुए किराए को देखकर कई यात्री सफर को लेकर असमंजस में हैं। दूसरी ओर रांची से दिल्ली रूट में चलने वाली गरीबरथ एक्सप्रेस, स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, वाराणसी एक्सप्रेस में आरक्षित बर्थ 16 फरवरी तक मिलना मुश्किल है।

25 हजार फाइन भरने के बाद नगर निगम ने खोली दुकान की सील

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम की राजस्व शाखा निगम क्षेत्रांतर्गत होल्डिंग और ट्रेड लाइसेंस की निरंतर जांच कर रही है। इस दौरान 10 फरवरी को रोशपा टावर स्थित दो प्रतिष्ठानों वन स्टॉप सर्विसेंज और पीओजी फर्नीचर को सील कर दिया गया था। 14 फरवरी पीओजे फर्नीचर के संचालक ने 25 हजार रुपये फाइन जमा कराया। साथ ही नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन कर दिया। इसके बाद निगम की टीम ने प्रतिष्ठान के सील को खोल दिया।

शहर के व्यापारियों से प्रशासक की अपील

नगर प्रशासक ने सभी नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे अपने भवन का कर समय पर जमा करें। यदि रेसिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, तो तत्काल री-असेसमेंट करवा कर कमर्शियल होल्डिंग लें। इसके अलावा सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यदि भवन में कोई नई संरचना बनाई गई हो, तो उसका पुनर्मूल्यांकन सुनिश्चित करें। इसके बाद रांची नगर निगम जांच करेगा। वहीं गलत पाए जाने पर लोगों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

समाचार सार

याद किए गए दयानंद सरस्वती

JAMSHEDPUR : गरमनाला, साकची स्थित भारतीय मॉडल मिडिल स्कूल में शुक्रवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इसकी शुरूआत क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी तेजिंदर कौर ने यज्ञशाला में हवन से की। इस अवसर पर छात्रों ने दयानंद के जीवन पर आधारित भाषण, निबंध, चित्रांकन, क्विज व लघु नाटक भी किए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति व जमशेदपुर आर्य समाज ट्रस्ट के ट्रस्टी ज्ञान तनेजा, योगेश मल्होत्रा, देवेंद्र कुमार चतरथ, राजीव तलवार, स्वर्णा मिश्रा, अर्चना रेहाल आदि भी उपस्थित थे।

सीपीआई ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

JAMSHEDPUR : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने शुक्रवार को 2019 के पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों को साकची स्थित पार्टी ऑफिस में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पार्टी के जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर ने कहा कि पुलवामा देश के दिल पर एक ऐसा घाव है, जो कभी नहीं भर सकता। इसे सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया था, इस घटना की सही जांच तक नहीं हुई। वहां मौजूद छात्र नेता विक्रम कुमार ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले को आज 6 साल हो गए, लेकिन उस दर्दनाक मंजर की टीस अब भी जिंदा है। यह दिन हर भारतीय के दिल में शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है। शहीदों के बलिदान पर राजनीति कर भाजपा ने दोबारा सरकार बना लिया, मगर कुछ सवाल के जवाब आज तक नहीं मिले। इस दौरान धनंजय शुक्ला, हीरा अरकने, प्रिंस सिंह, एस. प्रमाणिक, मनोज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

पूर्व सैनिकों ने पुलवामा की घटना को किया याद

JAMSHEDPUR : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर ने पुलवामा के वीर शहीदों को गोलमुरी के पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज ही के दिन 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया था, जिसमें 45 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। पूर्व सैनिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान देश न कभी झुका है और न झुकेगा, यह संकल्प सभी उपस्थित सदस्यों ने लिया। भारत माता की जय...भारतीय सेना जिंदाबाद... वीर शहीद अमर रहे के नारे से वातावरण गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की शुरूआत वीर शहीदों के सम्मान में दीप जला कर हुई। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष विनय यादव, संस्थापक वरुण कुमार, विनय कुमार यादव, सुखविंदर सिंह, हरि सिंह, संतोष कुमार सिंह, विश्वजीत, सावन टुडू, एमके पाठक, परमहंस यादव, धीरज सिंह, एलबी सिंह, सतीश प्रसाद आदि भी उपस्थित थे।

टाटा-बिलासपुर समेत 6 ट्रेनें 22 तक रद्द

JAMSHEDPUR : रांची रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली 6 ट्रेनें 22 फरवरी तक के लिए रद्द कर दी गई हैं। ट्रेन नंबर-18113/18114 टाटा-बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर- 18601/18602 टाटा-हटिया-टाटा एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर- 68036/68035 टाटा-हटिया-टाटा मेमू अप-डाउन दोनों ओर से रद्द कर दी गई है। ऐसे में इन ट्रेनों में पूर्व से टिकट कराए यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी है। वहीं पार्सल कार्यालय को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरायकेला में दो बाइक टकराई, दो घायल

ADITYAPUR : सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत सरायकेला में शुक्रवार शाम को दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि सरायकेला का रहने वाला अनमोल कुमार साहू बाइक से सरायकेला लौट रहा था, वहीं जमशेदपुर का बारीडीह निवासी आशु झा अपनी बाइक से जमशेदपुर आ रहा था। इसी बीच गौरांगडीह गांव के समीप दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से सरायकेला के सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

परसुडीह में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

JAMSHEDPUR : परसुडीह थाना क्षेत्र के हलुदबनी में सिदो-कान्हू चौक के पास रहने वाले 15 वर्षीय छात्र दुर्गा चरण ने गुरुवार शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दसवीं कक्षा का छात्र था और अपनी प्रेमिका से ब्रेकअप के बाद मानसिक तनाव में था। परिजनों के अनुसार, दुर्गा गुरुवार को घर से निकलकर हरहरगुट्टू में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर गया और वहां एक कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगा ली। रिश्तेदारों को इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने उसे फंदे से उतारकर खासमहल सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्गा के बड़े भाई घनश्याम ने बताया कि दुर्गा क्रिकेट में दिलचस्पी रखता था और केबुल टाउन में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रहा था। वह घर के पास ही रहने वाली एक युवती से प्रेम करता था, और दोनों का रिश्ता पिछले चार साल से था। हाल ही में प्रेमिका ने उसे छोड़ दिया था, जिससे वह मानसिक तनाव में था, इसी की वजह से उसने यह कदम उठाया।

दिनदहाड़े ग्राहक सेवा केंद्र से बाइक सवार ने लूटे 15 हजार रु.

सुबह करीब 9.30 बजे अपराधियों ने मेन रोड पर घटना को दिया अंजाम

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में ग्राहक सेवा केंद्र से दिनदहाड़े देसी कट्टा का भय दिखाकर दो नकाबपोश अपराधियों ने लगभग 15 हजार रुपये लूट लिए। अपराधी संग्राम साई स्थित मुख्य सड़क पर खुले शेखर साव के कार्यालय से कई कागजात भी ले गए। बताया जाता है कि दोनों अपराधकर्मी बाइक से आए थे। घटना शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे की है।

सीएसपी सेंटर के मालिक शेखर साव 2.5 लाख रुपये घर से लाकर लेन-देन कर रहे थे। इस बीच उसने 4 हजार रुपये एक ग्राहक को दिए थे। इसी दौरान उसने पैसों को दराज में रख दिया था। कुछ पैसे और कागजात बैग में थे। इस दौरान दो अपराधी अचानक आए और कट्टा दिखाकर बैग मांगने लगे। इस पर शेखर साव ने उन्हें बैग थमा दिया। वे बैग लेकर बाजार की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नोवामुंडी थाना की पुलिस ने पहुंचकर जानकारी ली। इसके साथ ही आसपास के सभी सड़क मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज भी खंगाल रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला था।

लूट की जानकारी देता भुक्तभोगी ● फोटोन न्यूज

नाबालिग से छेड़खानी करने के आरोप में 4 किए गए गिरफ्तार

MANOHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना की पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, मनोहरपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को उंधन गांव के चार युवक राज महतो, कमल महतो, सूरज महतो महतो और खुशवंत महतो 23 जनवरी को जबरदस्ती कमरे से उठाकर जलमीनार के पास ले गए थे। लेकिन, नाबालिग किसी तरह आरोपियों को चकमा देकर भाग गई। घटना के बाद जब परिजनों को पता चला तो नाबालिग ने गुरुवार को मनोहरपुर थाना में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मनोहरपुर थाना की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी, जान से मारने की धमकी और मोबाइल से जबरन पैसा छीनने का मामला दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

वाराणसी में मृत छात्रा के लिए गृह मंत्री से लगाई गुहार

JAMSHEDPUR : सासाराम (बिहार) स्थित तकिया निवासी स्नेहा कुशवाहा का शव वाराणसी के भेलूपुर स्थित हॉस्टल में 1 फरवरी को संदिग्ध परिस्थिति में मिला था। उसकी गर्दन खिड़की के रॉड से लटकी थी, जबकि उसका एक पैर जमीन और दूसरा बेड पर था। इसे लेकर कुशवाहा संघ ने गृह मंत्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। संघ ने पूरे मामले की जांच कराने और दोषी को कड़ी सजा देने की मांग की है।

टाटा-हटिया एक्सप्रेस बदले मार्ग से चली

JAMSHEDPUR : आद्रा रेल मंडल में विकासात्मक कार्यों के कारण शुक्रवार को टाटानगर से चलने वाली ट्रेन प्रभावित रही। ट्रेन नंबर-18601 टाटा-हटिया एक्सप्रेस बदले मार्ग से चली। टाटा-हटिया एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के बदले चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी। वहीं टाटा-आसनसोल मेमू आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट रही, यह ट्रेन आगे आसनसोल नहीं गई। ट्रेनों के प्रभावित होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जेम्को में हुई सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवारों से मिले विधायक सरयू राय

जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज उठाएगा श्राद्धकर्म व घायल के इलाज का खर्च

PHOTON NEWS JSR: जेम्को के पास 11 फरवरी को हुई सड़क दुर्घटना में मृत कृष्ण शर्मा व उनकी पुत्री अंजलि शर्मा की मृत्यु हो गई थी, जबकि पुत्र विक्की घायल है।

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिले। बारीगोड़ा स्थित उनके आवास पर विधायक ने परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने टेल्को थाना प्रभारी को फोन किया और कहा कि परिवार बहुत गरीब है, इनकी हरसंभव सहायता करें और गाड़ी को जल्द से जल्द पकड़ें। इस मौके पर नवीन कुमार, विनोद यादव, करनदीप सिंह, अनिल प्रकाश, विनोद राय आदि ने भी परिवार को मदद का भरोसा दिया।

दूसरी ओर, जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा भी हताहतों के परिवार से मिले। वे एमजीएम अस्पताल में इलाजरत विक्की शर्मा से भी मिले। उन्होंने कहा कि विक्की के इलाज का खर्च विश्वकर्मा समाज उठाएगा। विश्वकर्मा समाज पीड़ित परिवार के श्राद्धकर्म में भी मदद करेगा। परिजनों से मुलाकात के दौरान महामंत्री सुजित शर्मा, युवा पदाधिकारी प्रदीप शर्मा, कृष्णकांत शर्मा और राहरगोडा के क्षेत्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

पीड़ित परिवार से मिलते विधायक सरयू राय ● फोटोन न्यूज

धरना पर बैठे अमरेश का विधायक ने तुड़वाया अनशन

JAMSHEDPUR : जेम्को में हुई सड़क दुर्घटना में न्याय के लिए धरना पर बैठे अमरेश कुमार का विधायक सरयू राय ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिस कारण को लेकर वह अनशन कर रहे हैं, उस कारण के आलोक में उनकी उपायुक्त से बात हुई है। उपायुक्त ने इस संबंध में एसडीओ को जिम्मेदारी दी है। एसडीओ से कल सरयू राय मिलेंगे। इसी मुद्दे को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था व जनसमस्याओं को ठीक करने के लिए अमरेश कुमार गुरुवार से अनशन पर बैठे थे। विधायक ने अमरेश कुमार को आश्वस्त किया कि ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए वह प्रशासन से बात करेंगे। सरयू राय ने कहा कि सड़कों से भारी वाहन हटाना ही समाधान है।

तेज रफ्तार बाइक ने घर के दरवाजे में मारा धक्का, घायल

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर-टोकलो मुख्य मार्ग के बनमालीपुर स्थित सरना चौक के पास बाइक सवार ने घर के दरवाजे में जोरदार टक्कर मार दिया। इससे बाइक चालक नंदू बोदरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे चाईबासा रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, हथिया पंचायत के ओटार गांव निवासी नंदू बोदरा अपनी बहन और दो भगिना को बाइक पर बैठाकर चक्रधरपुर-सोनुवा बस स्टैंड आ रहा था। इसी दौरान सरना चौक के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और उसने एक घर के दरवाजे में जोर से टक्कर मार दी। इससे नंदू बोदरा को गंभीर चोट आई। उसके सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई, जबकि उसकी बहन को हल्की चोट आई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना चक्रधरपुर थाना की पुलिस को दी। इसके साथ ही 108 एंबुलेंस बुलाकर उसे अनुमंडल अस्पताल लाया गया। उसकी बहन को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया। घायल की बहन ने बताया कि वह सोनुवा बस स्टैंड से बस पकड़ने के लिए आ रही थी। इधर झामुमो नेता दिनेश जेना ने घायल युवक की इलाज में मदद की।

अस्पताल में इलाजरत बाइक सवार

मागे पर्व पर महिलाओं ने भी उठाया खेलों का आनंद

खेल का आनंद उठातीं महिलाएं व बच्चियां ● फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड के सुरबुडा पंचायत स्थित धोबासाई गांव में मागे पर्व के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुई। आदिवासी मुंडा विकास समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों व बच्चियों की दौड़, मेढक रेस, जवानों की लंगड़ी दौड़, जवानों का जूता रेस, बड़ी लड़कियों की दौड़, म्यूजिकल चेयर, चम्मच रेस, बुजुर्गों की दौड़, सुई-धागा रेस, विवाहित स्त्रियों की दौड़, बोरा रेस, बैलून फोड़, छोटे बच्चों और बड़ों की हांडी फोड़ आदि स्पर्धा हुई। इन सभी खेलों में प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों की दौड़ में आशा मुंडा व अनाकी लागुरी, चम्मच रेस में आरोसी मुंडा व ऐसनेया मुंडा, बच्चों की दौड़ में शिबू सिजुई व अकलेश बोदरा, 10 वर्ष के बच्चों की दौड़ में अकलेश बोदरा व हरीश सिजुई, बड़ी लड़कियों की दौड़ में मालती सिजुई व चांदमुनी हेंब्रम, चप्पल रेस में रेशमी लागुरी व चांदमुनी केराई को क्रमशः प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वीमेंस कॉलेज की छात्रा का लटका मिला शव

JAMSHEDPUR : पोटका थाना क्षेत्र के दाबांकी गांव में वीमेंस कॉलेज की छात्रा धानी मार्डी का शव फंदे पर लटका हुआ मिला है। परिजनों ने संदेह जताया है कि धानी मार्डी की हत्या की गई है। हत्या करने के बाद अपराध को छिपाने के लिए उसका शव फंदे पर टांग दिया गया है। धानी मार्डी के ममेरे भाई सुंदर महाली ने पोटका थाने में मामले की शिकायत की है और धानी मार्डी के चाचा बुद्धू महाली, चाचा पानो महाली और उनके बेटे किशन मार्डी और अनिल मार्डी पर धानी मार्डी की हत्या करने का आरोप लगाया है। सुंदर महाली ने बताया कि उनकी ममेरी बहन बिष्टुपुर के वीमेंस कॉलेज की मेधावी छात्रा थी। 5 साल पहले उसके पिता का देहांत हो गया था। वह अपनी मां के साथ रहती थी। लेकिन, कुछ महीने पहले उसकी मां का भी देहांत हो गया। इसके बाद धानी मार्डी अपने चाचा व चाचा के पास रहने लगी। बताते हैं कि धानी मार्डी कॉलेज पढ़ने जाती थी। इससे चाचा व चाची नाराज थे और उसे प्रताड़ित करते थे।

ऐतिहासिक होगा कोल्हान कांग्रेस समागम : केशव महतो कमलेश

PHOTON NEWS CHAIBASA : ईचागढ़ के चौका-चावलीबासा में एक मार्च को होने वाले कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कांग्रेस समागम की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शुक्रवार को चांडिल पहुंचे, जहां गोल्डेन व्यू रिजॉर्ट में प. सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां तथा पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों तथा प्रमुख कार्यकताओं संग बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कांग्रेस समागम का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य संगठन का सृजन, जिससे संगठन को और अधिक मजबूत और सशक्त बनाना है। समागम में प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी तथा मंत्री, सांसद, विधायक सहित वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेसियों से अपील करते हुए समागम को ऐतिहासिक बनाने तथा तैयारी में जुट जाने को कहा। अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसियों की भागीदारी कैसे सुनिश्चित हो, इस पर भी उन्होंने बल दिया। बैठक को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी संबोधित किया। बैठक में प. सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश महतो, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, कामगार कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सूरज मुखी, दानिश हुसैन, सुरेश प्रजापति, यशवीर चांपिया, शाहरुख अली, आनंद करुवा, बादल बेहरा, सपन गुच्छाईत, जितु बारीक आदि मौजूद थे।

चांडिल स्थित रिजॉर्ट में केशव महतो कमलेश, सुबोधकांत सहाय व अन्य

पर्यावरणविदों ने कहा- जैव विविधता के लिए सुखद संकेत, बाघ को रास आ रहा यहां का जंगल

दलमा में फिर दिखा बाघ, वन विभाग के ट्रैप कैमरे में कैद हुई तस्वीर

● वन विभाग ने जंगल में जगह-जगह लगा रखे हैं ट्रैप कैमरे

PHOTON NEWS JSR : दलमा वन्यजीव आश्रयणी में एक बार फिर बाघ की मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरे में उसकी तस्वीरें कैद हुई हैं। पर्यावरणविदों के अनुसार, यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए एक सुखद संकेत है, क्योंकि बाघ को अब दलमा जंगल रास आने लगा है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह बाघ पिछले एक महीने से घाटशिला, चाकुलिया और दलमा के जंगलों में घूम रहा है। वह अब जंगल के अंदरूनी हिस्सों में ही बना हुआ है और इंसानों से दूरी बनाए रख रहा है। डीएफओ सबा आलम अंसारी ने बताया कि बाघ की गतिविधियों को वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटर कर रही है, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि बाघ की लगातार उपस्थिति यह संकेत देती है कि दलमा का जंगल अब उसके रहने योग्य बन रहा है। यदि यह सिलसिला जारी रहता है, तो दलमा वन क्षेत्र में स्थायी रूप से बाघों का बसेरा हो सकता है। वन विभाग इस संभावना पर गहराई से विचार कर रहा है और आवश्यक कदम उठाने की योजना बना रहा है।

ट्रैप कैमरे में कैद बाघ व जंगल में कैमरा लगाते वनकर्मी ● फोटोन न्यूज

वन विभाग की टीम कर रही निगरानी

वन विभाग ने बाघ की सुरक्षा और उसकी गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष टीम तैनात की है। इस टीम के सदस्य बाघ के मूवमेंट पर नजर रख रहे हैं और ट्रैप कैमरों के जरिए उसकी लोकेशन को ट्रैक कर रहे हैं। यदि बाघ की स्थायी मौजूदगी दलमा जंगल में बनी रहती है, तो सरकार और वन विभाग यहां बाघों के संरक्षण के लिए विशेष योजना पर काम कर सकते हैं।

दलमा बन सकता बाघ का स्थायी निवास

बाघ की लगातार मौजूदगी से यह संकेत मिलता है कि दलमा वन क्षेत्र धीरे-धीरे एक सुरक्षित और अनुकूल स्थान बनता जा रहा है। वन विभाग की सतर्कता और संरक्षण उपायों के चलते यह क्षेत्र भविष्य में बाघों का स्थायी निवास बन सकता है। हालांकि, अब तक यह पता नहीं चल सका है कि यह बाघ कहां से आया है।

बाघ फिलहाल जंगल के अंदर ही रह रहा है और उसकी गतिविधियां ट्रैप कैमरों में कैद हो रही हैं। वन विभाग पूरी तरह सतर्क है और लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। हम हर गतिविधि पर निगरानी रख रहे हैं।

– सबा आलम अंसारी, डीएफओ

शब-ए-बरात पर कब्रिस्तानों में रोशनी से सजी रही रात

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में गुरुवार को रात भर शब-ए-बरात की चहल-पहल रही। चाईबासा सहित आसपास के कब्रिस्तानों में अकीदत के साथ शब-ए-बारात का त्योहार मनाया गया। पूरी रात लोग इबादतगाहों में अकीदत के साथ जुटते रहे। इस मौके पर पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा, चक्रधरपुर, मझगांव, जगन्नाथपुर, नोवामुंडी के कब्रिस्तानों में रंगबिरंगी झालर लाइटों से सजाई गई थी। वहीं चाईबासा के कब्रिस्तानों की ओर जाने वाले रास्तों पर विशेष रुप से रोशनी की व्यवस्था की गई थी, ताकि इबादत के लिए आने-जाने वालों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। रात भर कब्रिस्तानों में मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पूर्वजों को याद करते हुए कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए पहुंचते रहे। नमाज, कुरान की तिलावत सहित अन्य प्रकार की इबादत के बाद लोग अपने रब से अपने गुनाहों की माफी मांगते रहे।

इस दौरान पूरे जिले में पुलिस व प्रशासन के पदाधिकारी देर रात तक विधि-व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

कब्रिस्तान में उमड़ी भीड़

हल्दी एवं अदरक प्रसंस्करण विधियां

खुदाई करने से 2 दिन पूर्व खेत की हल्की सिंचाई कर दी जाती है और फिर जुताई करके अथवा दांतेदार यंत्र की मदद से खुदाई की जाती है। हल्दी के पूर्ण विकसित पंजे (क्लम्प) को बाहर निकाल लिया जाता है। फिर इस पंजे में लगी मिट्टी एवं रेशे वाली जड़ों को हंसिया या चाकू की मदद से काटकर हटा दिया जाता है।

हल्दी की फसल की खुदाई पौधों में लगी हुई पत्तियों के सूखकर गिर जाने पर की जाती है। खुदाई करने से 2 दिन पूर्व खेत की हल्की सिंचाई कर दी जाती है और फिर जुताई करके अथवा दांतेदार यंत्र (डिगिंग फोर्क) की मदद से खुदाई की जाती है। हल्दी के पूर्ण विकसित पंजे (क्लम्प) को बाहर निकाल लिया जाता है। फिर इस पंजे में लगी मिट्टी एवं रेशे वाली जड़ों को हंसिया या चाकू की मदद से काटकर हटा दिया जाता है। हल्दी के पंजे में दो प्रकार की गांठे मिलती हैं-

- पंजे के मध्य में एक ज्यादा मोटी एवं सख्त गांठ जिसका आकार ढ़ोलक जैसा होता है इसे मातृ प्रकंद कहते हैं और
- पतली उंगलियों जैसी 8 से 15 तक प्रकंद, जिनको पुत्री प्रकंद कहते हैं। खुदाई के तुरंत बाद इन दोनों प्रकार की गांठों को अलग-अलग कर लिया जाता है। मातृ प्रकंद का उपयोग सामान्यतः अगली फसल की बुवाई के लिए किया जाता है। बुवाई से अधिक मात्रा होने पर इसका अलग से प्रसंस्करण करते हैं। पुत्री प्रकंद को भी बोने के लिए भंडारित किया जाता है और अतिरिक्त मात्रा को प्रसंस्कृत किया जाता है।

हल्दी का प्रसंस्करण

हल्दी के मातृ एवं पुत्री प्रकंदों का प्रसंस्करण चार अवस्थाओं में पूर्ण किया जाता है।

उबालना

हल्दी के प्रकंदों को उबालने के लिये मिट्टी के बर्तन अथवा लोहे के बड़े व कम गहरे बर्तनों का प्रयोग किया जाता है। यदि गुड़ बनाने वाली उथली कड़ाही हो तो उसका भी प्रयोग किया जा सकता है। इस बर्तन में हल्दी रखने के बाद इसमें पानी भरा जाता है जिससे कि सभी प्रकंद अच्छी तरह से डूब जायें। इसके बाद हल्दी की पत्तियों की एक मोटी परत से प्रकंद को ढंक दिया जाता है।

इसमें चूने का पानी या सोडियम बाई-कार्बोनेट या सोडियम कार्बोनेट का घोल मिलाने से तैयार हल्दी का रंग आकर्षक पीला बनता है। अब हल्दी को उबालने की क्रिया प्रारंभ की जाती है। हल्दी को धीमी आंच में तब तक उबाला जाता है जब तक कि उसमें झाग और हल्दी की खुशबू न आने लगे। बीच-बीच में दो-चार प्रकंदों को बाहर निकालकर उनको उंगलियों से दबाकर उनके मुलायम हो जाने की परीक्षा की जाती रहती है। जब प्रकंद मुलायम होकर उंगलियों से दबने लगे, तब उबालने की क्रिया बंद कर दें।

सुखाना

हल्दी के उबले हुए प्रकंदों को पानी से बाहर निकालकर पतली परतों से पक्के फर्श में फैलाकर सूर्य ताप में सुखाएं। सामान्यतः उबली हुयी गांठों के सूखने में 7 से 10 दिन लग जाते हैं। सूखने पर प्रकंद सख्त और कड़क हो जाते हैं जिनको तोड़ने पर एक धात्विक आवाज आती है।

छिलके उतारना

अब इन सूखे हुये प्रकंदों के ऊपरी सतह में लगे छिलकों को कठोर फर्श में रगड़ कर या बांस से बनी चटाई या टोकनी में रगड़कर हटाया जाता है। ऐसा करने से प्रकंद चिकने, साफ और जड़ रहित हो जाते हैं। हल्दी की मात्रा अधिक होने पर छिलके उतारने का कार्य मशीन द्वारा किया जाता है।

प्रकंदों को रंगना

छिलका उतारी गयी सूखी हल्दी को रंगने का कार्य उपभोक्ताओं को आकृष्ट करने के लिए किया जाता है। रंगने का कार्य बांस की टोकनी में सूखी हल्दी को रखकर धीरे-धीरे उसमें रंगने का मिश्रण मिलाते एवं हिलाते हुए किया जाता है। ऐसा करने से हल्दी अच्छी दिखने लगती है। 1000 किग्रा हल्दी को रंगने के लिए फिटकरी (एलम) 40 मिग्रा, हल्दी चूर्ण 2 किग्रा, अरंडी का तेल 140 मिली, सोडियम बाई सल्फाइड 30 ग्राम एवं सान्द्र हाईड्रोक्लोरिक अथवा सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल 30 मिली का प्रयोग किया जाता है।

मिश्रित मछली पालन अपनाने पर परम्परागत तरीके के प्रयोग से मिलने वाले उत्पादन की अपेक्षा 10-12 गुना अधिक मत्स्य उत्पादन मिलता है। इस विधि में तलाबों में विभिन्न आहार वाली अच्छी किस्म में कार्प प्रजातियों के मछली बीज उचित अनुपात एवं वजन मे संचयन कर जैविक एवं रसायनिक खाद का उचित मात्रा में प्रयोग किया जाता है तथा परिपूरक आहार भी दिया जाता है।

मत्स्य पालन से बढ़ेगा मुनाफा

मत्स्य उत्पादन के संसाधन

प्रदेश में मछली पालन के लिये कुल 1.589 लाख है। जलक्षेत्र उपलब्ध है। जिसमें अब तक कुल 1.432 लाख है। जलक्षेत्र विकसित किया जा चुका है। इसमें ग्रामीण तालाबों के कुल जलक्षेत्र 0.735 लाख है। जलक्षेत्र में से 0.636 लाख है। जलक्षेत्र का विकास कर मत्स्य पालन के अंतर्गत लाया जा चुका है।

मिश्रित मछली पालन

मिश्रित मछली पालन व्यवसाय,बेरोजगार युवकों के लिये आर्थिक स्थिति में सुधार करने हेतु एक महत्वपूर्ण साधन है। मिश्रित मछली पालन अपनाने पर परम्परागत तरीके के प्रयोग से मिलने वाले उत्पादन की अपेक्षा 10-12 गुना अधिक मत्स्य उत्पादन मिलता है। इस विधि में तलाबों में विभिन्न आहार वाली अच्छी किस्म में कार्प प्रजातियों के मछली बीज उचित अनुपात एवं वजन मे संचयन कर जैविक एवं रसायनिक खाद का उचित मात्रा में प्रयोग किया जाता है तथा परिपूरक आहार भी दिया जाता है। सामान्यतः मिश्रित मछली पालन में पाली जाने वाली प्रजातियां कतला, राहू, मृगल, कामनकार्प, ग्रास कार्प, सिल्वर कार्प है। वर्तमान में मिश्रित मछली पालन ग्राम पंचायतों के तालाबों में किया जा रहा है। परंतु खाद एवं परिपूरक आहार न देने के कारण उत्पादन में समुचित वृद्धि नहीं हो रही है। अतः स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण कराकर व उनमें, मिश्रित मछली पालन कर, लगभग 6000-8000 किग्रा/हेक्टर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश में वर्ष 2007-2008 तक स्वयं की भूमि में नवीन तालाब कुल 1834 तालाब जलक्षेत्र 1240.51 हेक्टर का निर्माण कर मिश्रित मछली पालन आधुनिक तरीके से किया जा रहा है।

एकीकृत मछली पालन

एकीकृत मछली पालन का पालन का आशय मछली पालन के साथ-साथ दूसरे उत्पादन जैसे बतख पालन, मुर्गीपालन, सूकर पालन एवं कृषि बागवानी के साथ समन्वयन से है। मिश्रित मछली पालन में जैविक एवं रसायनिक खाद तथा परिपूरक आहार के प्रयोग से अधिक उत्पादन के साथ-साथ उत्पादन मृल्य भी बढ़ जाता है। इस आर्थिक समस्या के समाधान के मछली पालन को विभिन्न इकाईयों जैसे- मुर्गी, बतख, कृषि बागवानी, मवेशी पालन के साथ जोड़ने की व्यवस्था की जाती है। जिससे कृषकों को मछली पालन से आय के साथ-साथ अन्य उत्पादों के समन्वयन से अतिरिक्त आय मिलती है। इस अंतरबद्धता के कारण मवेशी पालन, बागवानी या कृषि से परित्यक्त पदार्थो का उपयोग मछलियों के लिए परिपूरक आहार या खाद के रूप में उपयोग होता है तथा दूसरी ओर तालाब के जल तथा उसके बंध और मछली पालन से उत्पन्न व्यर्थ पदार्थो का उपयोग कृषि एवं मछली पालन में किया जाता है। ऐसी व्यवस्था से लागत खर्च में काफी कमी आ जाती है।

वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2008-09 तक कुल 3552 एकीकृत मत्स्य पालन की इकाईयां स्थापित की जा चुकी हैं। जिसमें बतख सह मछली पालन की 1101 सह मछली पालन की 881 इकाईयां, सूकर सह मछली पालन की 222, फलोद्यान सह मछली पालन की 424, डेयरी सह मछली पालन की 272, धान सह मछली पालन की 446, एवं बकरी सह मछली पालन की 206 इकाईयां स्थापित की जा चुकी है। मत्स्य कृषकों के रूझान को देखते हुए बतख सह मछली पालन एवं मुर्गी सह मछली पालन एवं फलोद्यान सह मछली पालन छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक उपयोगी पाया गया है। एकीकृत मत्स्य पालन के अंतर्गत बतख सह मछली पालन से प्रोटीन उत्पादन के साथ-साथ बतखों के मलमूत्र का उचित उपयोग होता है। बतख सह मछली पालन में प्रति हेक्टर 1 वर्ष में 400 किग्रा मछली, बतख से 15000 अण्डे तथा 500 किग्रा बतख के मांस का उत्पादन किया जा सकता है। इस प्रकार से मछली पालन में न तो जलक्षेत्र मे कोई खाद, उर्वरक डालने की आवश्यकता है और न ही मछलियों को पूरक आहार देने की आवश्यकता है। मछली पालन पर लगने वाली लागत में 50-60 प्रतिशत की कमी हो जाती है।

पाली जाने वाली मछलियां एवं बतख एक दूसरे के अनुपूरक होती है। बतखें पोखर के कीड़े, मकोड़े, टेडपोल, घोंघे, जलीय वनस्पति पर नियंत्रण रखती है। बतखों को अपने भोजन का 50 प्रतिशत भाग जलक्षेत्र से ही प्राप्त हो जाता है। तालाब में बतख के तैरते रहने से वायुमंडल की आक्सीजन पानी भी मिलती रहती है। इसी प्रकार बतख सह मछली पालन से तालाब में अतिरिक्त खाद डालने की आवश्यकता नहीं पड़ती है एवं बतखों को साफ सुरक्षित परिवेश एवं उत्तम प्राकृतिक भोजन भी उपलब्ध हो जाता है। प्रति हेक्टर 200-300 नग बतख रखना पर्याप्त होता है।

मुर्गी पालन में भी पोल्ट्री लीटर को पोखर में खाद के रूप में डाला जाता है। मुर्गी सह मछली पालन से प्रति हेक्टर वर्ष 60,000 अंडे, 500-600 किग्रा, मुर्गी का मांस तथा 3500 किग्रा मछलियों का उत्पादन किया जाता है। 1 हेक्टेयर के लिए 500 मुर्गियां रखना पर्याप्त होता है। एकीकृत मछली सह मुर्गी पालन में मछली, मुर्गी के अण्डे तथा मांस की प्राप्ति से अधिक आय होती है तथा तालाबों में मछलियों के लिये अतिरिक्त फीड देने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि मुर्गियों द्वारा विसर्जित व्यर्थ पदार्थो में पाये जाने वाले नाइट्रोजिनस पदार्थो से इसकी पूर्ति हो जाती है। फलोद्यान सह मछली पालन में तालाब के मेढ पर अरहर, टमाटर, कुंदरू, तेल युक्त सब्जियां, पपीता, भांटा, मिर्च, लौकी, फूलों के पौधे आदि लगाये जा सकते हैं जिससे किसान सम्पूर्ण क्षेत्र का समुचित उपयोग कर अतिरिक्त आय कमा सकते हैं।

... तो खास होगी पुदीना की फसल

काला कीट : पुदीना की बेहतर फसल लेने के लिए कीटों को पहचानना और उन्हें नियंत्रित करना बेहद जरूरी है. प्रमुख कीट और उनका नियंत्रण उपाय निम्नानुसार है :-

सेमीलूपर

सूंडी पत्तियों को काटकर खाती है और गोल या टेढा छेद बनाती है।

नियंत्रण

मैलाथियान 200 से 500 मिलीलीटर या क्विनालफास 300 से 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिये।

लेस बग

यह कीट भूरे-काले रंग के होते है जिनके पंखों पर स्पष्ट रोंयें और जाल की तरह निशान बना होता है। जिसके कारण इसे लेस बग के नाम से जाना जाता है कीट का प्रौढ़ और शिशु पोदीने की कोमल पत्तियों के रस को चूसते हैं जिससे पत्तियों का रंग पीला पड़ने लगता है। ये कीट काले रंग का पदार्थ अपने शरीर से निकालते है। जिससे पत्तियाँ दूर से जली हुयी दिखाई देती है। इसके प्रकोप से बढ़वार रूक जाती है और उत्पादन बहुत कम हो जाता है।

नियंत्रण

डायमिथियेट 300-500 मिलीलीटर का घोल बनाकर छिड़काव करने से फसल को बचाया जा सकता है।

माहू

कीट कोमल तनों और ऊपरी निकलने वाली पत्तियों के पास लगकर रस चूसते है। इससे पोदीने का पौधा धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है। कभी पोदीने में झुलसा रोग भी इस कीट के कारण फैलता है।

यह काले रंग का बीटल होता है। विकसित कीट 5-7 मिलीमीटर लम्बा होता है। पोदीने के जब केवल 5-7 पत्तियाँ निकली होती है तो यह कीट उनकी सभी पत्तियों को काटकर खा जाता है। मैलाथियान 300 से 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिये।

सफेद मक्खी

यह पौधों की निचली पत्तियों पर नीचे की सतह पर रहती है। वह पौधों से रच चूसती है तथा कीट विभिन्न प्रकार के विषाणु भी एक पौधे से दूसरे पौधे में पहुंचाते हैं।

नियंत्रण

फास्फोमिडान 200 से 400 मिली या मैलाथियान 300 से 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिये।

भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें

ललित गर्ग

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है।



पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।

भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा।

इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा।

इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है। ज्यादा जरूरी है उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाने की स्थितियों एवं तंत्र को विकसित करने की। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है। एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नौकरियों पर एआई के प्रभाव को समझने के लिए एक व्यापक, डेटा-समर्थित अध्ययन आवश्यक है। आईएमएफ की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि एआई दुनिया भर में लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित करेगा, कुछ को प्रतिस्थापित करेगा और दूसरों को पूरक करेगा। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने उपयोग के विकास के साथ नए प्रकार की नौकरियां भी पैदा करेगा। एआई पहले से ही विनिर्माण से लेकर बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा तक सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है। उदाहरण के लिए, शिक्षा क्षेत्र में, एआई व्यक्तिगत पाठ्यक्रम, परीक्षण, सीखने के तरीके और वितरण को सक्षम करके भारत के सीखने के परिदृश्य को बदल रहा है। निःसंदेह यह नई तकनीक अवसर बन रही है, तकनीकी विकास का सूरज बनकर नयी समाज संरचना को बल दे रही है। यह संभावनाभरा है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन एवं नियोजित विकास के लिए सहमति कायम करने की बुनियाद बने। एआई की तीव्र प्रगति और व्यापक अनुप्रयोग को देखते हुए, भारत के लिए अपना स्वयं का एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित करना अपेक्षित है। ऐसा संस्थान सुरक्षित और नैतिक एआई प्रथाओं को विकसित करने, अनुसंधान करने और एआई के उपयोग में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है प्रेषकः

(लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

संपादकीय

जटिल समस्या

शहरी क्षेत्रों में आश्रयविहीन लोगों के लिए आश्रय स्थल बनाए जाने को लेकर दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका से यह निहितार्थ निकलते हुए कहा कि मुफ्त की रेवड़ियों यानी बिजली, पानी, हवा अनाज और पैसा आदि बिना कोई श्रम किए दिए जाने से लोग परजीवी बना रहे हैं। अगर उन्हें बिना काम की यही सब कुछ मुफ्त मिल जाएगा तो वह काम क्यों करेंगे। इस पर प्रति टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ऐसा नहीं है कि लोग काम नहीं करना चाहते, लेकिन उनके पास काम नहीं है। न्यायपीठ ने प्रशांत भूषण के इस कथन से सहमति व्यक्त नहीं की। इस पूरे प्रकरण में तीन बातें उभर कर आती हैं। गरीबों को बिना किसी श्रम के साथ धन और सुविधाएं उपलब्ध कराना उचित है या अनुचित। क्या इस तरह की योजनाओं से लोग परजीवी बना रहे हैं और सारे काम उपलब्ध होते हुए लोग काम से विमुख हो रहे हैं। और तीसरी बात यह कि क्या उन्हें सचमुच काम उपलब्ध है। जिस देश में विषम आर्थिक प्रगति हो तथा गरीबी और अमीरी की खाई निरंतर चौड़ी हो रही हो और जहां गरीबों के लिए रोजगार का सृजन न हो रहा हो वहां सरकारों के पास एकमात्र यही विकल्प बचता है कि लोग जीवन यापन कर सकें। इसके लिए उन्हें आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। नैतिक तौर पर यह गलत नहीं है, अब जहां तक परजीवी बनने का सवाल है यानी मुफ्त का खाने की आदत पड़ने का प्रश्न है तो यहां सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह जिन्हें भी यह सुविधा उपलब्ध करा रही है उनके लिए वह किसी ने किसी काम की शर्त रख सकती है। चाहे वह शर्त कितनी भी छोटी क्यों ना हो। लोगों का यह एहसास अवश्य होना चाहिए कि जो कुछ वह प्राप्त कर रहे हैं उसमें वह अपना योगदान भी कर रहे हैं। भले ही उनको दिया जाने वाला कार्य समाजसेवा जैसा ही क्यों ना हो। ऐसे कामों की सूची में सफाई से लेकर नगर व्यवहार तक को शामिल किया जा सकता है। जहां तक रोजगार उपलब्धता का सवाल है तो यह सर्वविदित तथ्य है कि देश में रोजगार बहुत बड़ी समस्या है जिसका कोई भी समाधान राज्य तंत्र नहीं निकाल पाया है। कुल मिलाकर, ये ऐसी ऐसी जटिल समस्याएं हैं जो बहुस्तरीय हैं और इनका समाधान भी बहुस्तरीय होना चाहिए। अन्यथा इसका हल निकलना संभव नहीं है।

चिंतन-मनन

भक्तों की सहायता करते हैं ईश्वर

ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्र कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढे में गिर गये। गड्ढे से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढे से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया। बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छः सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया। राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये।...

हमारा लोकतंत्र- सदन के सामने से कतराते हमारे जनप्रतिनिधि...!



ओमप्रकाश मेहता

आजादी की हीरक जयंति के दौरान देश के इस मसले पर गंभीर चिंतन करना चाहिए कि क्या आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले या जानलेवा संघर्ष करने वाले हमारे राष्ट्रभक्त पूर्वजों की मोहक कल्पनाओं पर हम खरे उतर रहे है? या उनके सपनों में रंग भरने का तनिक भी प्रयास कर रहे है? यह एक ऐसा मुद्दा है जो हमें निराश ही करने वाला है, क्योंकि देश व देशवासियों को उनकी पारिवारिक उलझनों में उलझा कर स्वार्थ सिद्ध करने वालों का आज बाहुल्य हो गया है, आज की राजनीति का जनसेवा से दूर का भी सम्बंध नहीं रहा। आज राजनीति ने एक व्यवसाय का रूप धारण कर लिया है, जो कम समय में अधिक लाभदायक सिद्ध हो रही है, इसीलिए आज राजनीति एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है, आज युवा वर्ग का रूझान इसी 'हींग लगे न फिटकरी, रंग चौखा होय' की ओर आधिक है। ....और राजनीति से लोकसेवा की भावना खत्म हो जाने से यह व्यवसाय सभ्य समाज में 'गाली' बनता जा रहा है। इधर उधर की जुगाड़ लगाकर साधारण सरकारी नौकरी पाने वाला एक युवक खून पसीना बहाने के बाद भी पूरे महीनें में इतना नहीं कमा पाता, जितना राजनीति में लिप्त एक युवा एक दिन में अपनी काली कमाई एकत्र कर लेता है।

....और यदि यही राजनीतिक युवा जोड़-तोड़ करके चुनाव जीत कर सांसद या विधायक बन जाता है तो फिर उसकी सात पीढ़ियों को किस भी प्रकार की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि फिर उसका बहुमूल्य समय संसद या विधानसभा के सदनों में कम बाहर की आर्थिक जोड़-तोड़ में ज्यादा खर्च होता है। आज की यह भी एक महान समस्या सामने आ रही है, जिसके तहत हमारे प्रजातंत्र की संसदीय पद्धति बदनामी के शिखर को छूने की तैयारी कर रही है, आज हमारे जन प्रतिनिधि संसद या विधानसभाओं की सदस्यता या उसके माध्यम से जनसेवा के लिए ग्रहण नहीं करते, बल्कि सदन के बाहर की राजनीतिक 'दादागिरी' के लिए चुनते है, आज इसीलिए हमारी संसदीय प्रणाली अपने मूल उद्देश्यों को हासिल करने में अयोग्य साबित हो रही है, और इसी कारण आज हमारी संसद व विधानसभाओं की निर्धारित दिवसों की संख्या पूरी नही हो पाती, सत्र जितनी अवधि के लिए आहूत किए जाते है, उससे आधी अवधि तक भी चल नही पाते और लोक महत्व के विधेयकों या विषयों पर सदनों में चर्चा ही नहीं हो पाती और मतदाताओं की उम्मीदें अपेक्षाएं धवस्त हो जाती है।

आज की सबसे अहम् समस्या यही है, राज्यों व देश के बजट के आकार में बेतहाशा वृद्धि होती जा रही है और प्रजातंत्र के मंदिरों (संसद विधानसभा) में पूजा की अवधि लगाकर कम होती जा रही है, अर्थात् अब लोकतंत्र के मंदिर सिर्फ दिखावे के लिए ही रह गए है, इनमें विराजित 'देवता' के प्रति न कोई आस्था शेष रही और न ही विश्वास।

आज तो यह आम चलन ही हो गया है कि सत्र बुलाए जाते है लम्बी अवधि के लिए और फिर खत्म हो जाते है अल्पावधि में ही, न सत्र चलाने वालों की अब इनमें कोई दिलचस्पी बची है और न ही सत्र में शामिल होने वालों की।

यद्यपि आज इस महत्वपूर्ण मसले पर गंभीर चिंतन करने का वक्त प्रजातंत्र के किसी भी अंग के पास नही है, किंतु सबसे अहम् चिंताजनक सवाल यह है कि ऐसा कब तक चलेगा? और यदि यही चलता रहा तो हमारे प्रजातंत्र का भविष्य क्या होगा? आज हमारे भारतीयों के खून-पसीनें से कमाई और विभिन्न करों के रूप में सरकार द्वारा वसूली जा रही राशि राजनेताओं की रंग-रैलियों व फालतू कामों पर खर्च की जा रही है और इस पर निगरानी रखने वाला दर्शक दीर्घा में जाकर बैठ गया है, ऐसे में इस देश का क्या होगा? आज यही सबसे बड़ी चिंता का सवाल है, जिसका जवाब किसी के पास भी नही है, चिंतित है तो केवल चिंताग्रस्त परेशान नागरिकों या बुद्धिजीवी?

मुद्दा : ई-कॉमर्स कंपनियों का नया खेल

रजनीश कपूर

आज के युग में हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां सुविधा ही मुख्य मंत्र है। जहां गति ही सर्वोच्च है। इस नये युग में 'क्विक कॉमर्स' या 'ई-कॉमर्स' की सफलता को इससे बेहतर नहीं समझा जा सकता। आज 'ई-कॉमर्स' ने हमारे खरीदारी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। अब कुछ 'ई-कॉमर्स' वाली कंपनियां एक कदम आगे छलांग लगाने जा रहीं हैं जिससे कई मौजूदा और स्थापित उद्योगों को भारी चोट पहुंच सकती है। ग्राहकों को लुभाने की दृष्टि से कुछ 'ई-कॉमर्स' कंपनियां अनुचित व्यापार के तरीकों से मौजूदा उद्योगों के ग्राहकों को छीनने का प्रयास करने जा रही है। इस क्रम में फिलहाल कुछ खाना डिलीवर करने वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियों की सूची है जो अपने मौजूदा रेस्टोरेंट मालिकों के साथ सीधी टक्कर लेने को तैयार है।

कल्पना कीजिए कि आप अपना मनचाहा स्वादिष्ट भोजन खाना चाहते हैं। अभी तक आप मौजूदा डिलीवरी ऐप्स के जरिए अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट से वह भोजन मांगा लेते हैं। रेस्टोरेंट की व्यस्तता, आपके घर से उसकी दूरी और आपके द्वारा मंगाए गए भोजन की मात्रा के अनुसार आपको वह भोजन 20-25 मिनट या उससे अधिक में, घर बैठे ही मिल जाता है। इस व्यवस्था में आपको और आपके पसंदीदा रेस्टोरेंट, दोनों को ही फायदा रहता है। आपको आपका मनपसंद भोजन घर बैठे ही मिल जाता है और आपके पसंदीदा रेस्टोरेंट को उसके जमे-जमाए ग्राहकों से धंधा मिल जाता है। इसके लिए यदि आपको और रेस्टोरेंट मलिक को डिलीवरी वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनी कुछ कमीशन भी देना पड़े तो वह चुभता नहीं। जब यह व्यवस्था नई-नई शुरू हुई थी तो ग्राहकों, डिलीवरी करने वाले साथियों और रेस्टोरेंट मालिकों को लुभाने की दृष्टि से, ये कंपनियां काफी अच्छे ऑफर्स देते थे। देखते ही देखते इन सभी की संख्या लाखों करोड़ों में पहुंच गई। इसके साथ ही इन डिलीवरी वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियों की क्मिशन भी बढ़ी। सभी एक दूसरे के फायदे का जरिया भी बने। कोरोना काल में तो ये 'ई-कॉमर्स' कंपनियां काफी मददगार भी साबित हुई। परंतु अब कुछ ऐसा सुनने में आया है जिससे कि अधिकतर रेस्टोरेंट मलिक इन डिलीवरी 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के खिलाफ अदालत का रु ख भी करने को मजबूर हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ डिलीवरी 'ई-कॉमर्स' कंपनियों ने अपने ही ब्रांड के कुछ व्यंजनों को बाजार में उतारने की तैयारी कर ली है। इस नये प्रयोग के तहत जो भी मशहूर व स्वादिष्ट व्यंजन की मांग ग्राहकों से अधिक मिलती थी उन सबसे मिलते-जुलते व्यंजनों को ये कंपनियां अपने ही लेबल और ब्रांड का बता कर बाजार में उतारने जा रही है। ऐसे में अपने ब्रांड के व्यंजनों को ग्राहकों के बीच लोकप्रिय करने की दृष्टि से वह इन व्यंजनों को मात्र दस से पंद्रह मिनट में ही पहुंचाने का दावा करने जा रही है। ये सब व्यंजन 'रेडी-टू-ईट' की श्रेणी में पहले से ही इन कंपनियों के द्वारा इकट्ठा किए जाएंगे और जैसे ही किसी ग्राहक को इससे मिलते जुलते भोजन का ऑर्डर देना होगा तो ये कंपनियां ग्राहकों को मौजूदा रेस्टोरेंट से कम दाम और कम समय में डिलीवर करने की ऑफर देंगी। निश्चित रूप से ज्यादातर ग्राहक सस्ती और जल्दी के चक्कर में पड़ ही जाएंगे। सोचने वाली बात यह है कि यदि आप अपने मनपसंद पराठे खाना चाहें, लेकिन जितना समय आपको उसे बनाने में लगेगा उससे आधे समय में यदि गरमा-गरम पराठा आप तक पहुंच जाए तो आप अपनी जेब ढीली करने में देर नहीं लगाएंगे, परंतु जहां रेस्टोरेंट मलिक इन डिलीवरी 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के मौजूदा व्यवस्था से खुश थे वहीं वे इन कंपनियों के नये अवतार में आने की खबर से काफी चिंतित हैं।

भारत की नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एनआरएआई) ने डिलीवरी ऐप्स की 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के खिलाफ अदालत जाने की पूरी तैयारी कर ली है। वे इसे अनुचित व्यापार प्रथा मानते हैं। एनआरएआई के मुताबिक इन डिलीवरी ऐप्स की 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के पास सभी ग्राहकों के विस्तृत जानकारी होती है। जैसे कि उनके नाम, पता, फोन नम्बर इत्यादि। इतना ही नहीं ग्राहकों द्वारा बारझबार या कबझकब कौन सा भोजन मंगाया जाता है इस सबकी भी जानकारी होती है जो वे रेस्टोरेंट से कभी साझा नहीं करते। एनआरएआई के मुताबिक चूंकि रेस्टोरेंट मालिकों के पास उसके डिलीवरी ऐप्स वाले ग्राहकों की सूची नहीं होती, इसलिए उनको यह नहीं पता चलता कि खाना किस ग्राहक ने मंगाया है। ऐसे में यदि ये डिलीवरी ऐप्स वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियां रेस्टोरेंट के ग्राहकों को तोड़ने का काम कर रही है तो

यह अनुचित व्यापार प्रथा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि जब इन डिलीवरी वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियों को किसी अदालत या अन्य कानूनी पटल द्वारा लताड़ा न गया हो, लेकिन इस ताजा मामले में क्या होता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। अलबत्ता, एक बात तो तय है कि व्यापार चाहे रेस्टोरेंट का हो या रोजमर्रा के सामान की खरीदारी का, सभी को एक समान अवसर ही मिलना चाहिए। छल और कपट से किया गया व्यापार ज्यादा दिन तक नहीं चलता।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

The many ways America first hurts global trade

When he visits Washington tomorrow, Narendra Modi would need to bank on the excellent personal relationship he enjoys with Donald Trump to stave off possibilities of higher tariffs on more exports from India. Last week, Trump announced plans to impose 'reciprocal tariffs' on many countries, with indications that India could be in the crosshairs. This week, he imposed across-the-board tariffs on steel and aluminium imports that affect India too; but it's not targeted at India alone.

The announcements signal a major escalation of Trump's strategy to dismantle the existing trade order and reshape relationships in keeping with his 'America First' policy. It supports the unilateral use of trade policy instruments to protect the "American economy, the American worker, and national security interests". It disregards the principles of fair play that form the basis of the multilaterally agreed rules for the orderly conduct of global trade. The intent of the new US administration is hardly surprising, as Trump has underlined that "the most important element of [his] plan to make America extraordinarily wealthy again is reciprocity".The first set of tariffs was announced last month against three countries—Canada, Mexico and China. Though the implementation of a 25 percent tariff hike for the US's two neighbours was postponed by a month, the 10 percent hike on China is being levied.In several ways, the America First trade policy is not only an extension, but is a significantly more potent form of trade unilateralism that Trump had pursued during his first term in office. Even before he assumed charge this time, Trump had promised to rewrite trade agreements "to achieve or maintain the general level of reciprocal and mutually advantageous concessions". He had declared that his administration would impose "reciprocal tariffs" on India, arguing, "[I]f they tax us, we tax them the same amount. They tax us. We tax them. And they tax us. Almost in all cases, they're taxing us, and we haven't been taxing them". Trump has clearly been targeting India's relatively higher tariffs and has in the past labelled the country as the "tariff king".Trump's commerce secretary Howard Lutnick emphasised during his recent Senate confirmation hearings that reciprocity was "going to be a key topic for the Trump administration". He favoured the use of across-the-board import taxes to strong-arm trade partners into lowering their tariffs on US exports.

Trump's threat puts at serious risk the agreements on tariff liberalisation that the US entered into with WTO members while acceding to the multilateral trading system. These agreements took into consideration the ability and institutional capacities of countries to adopt lower tariffs, and allowed developing countries like India to maintain relatively higher tariffs to prevent disruption in sensitive sectors.

Thus, India imposes higher tariffs on major agriculture commodities, especially foodgrains, to ensure adequate availability at home, protect the livelihoods of small farmers and promote self-sufficiency. Now, in the name of reciprocity, India could face pressure to lower its high tariffs on farm products, to bring them down to the levels the US imposes. But India must argue that the US never used tariffs to protect its agricultural sector, since the sector has historically benefited from high subsidies that kept prices well below those in the international markets. This would be the foremost challenge of the Modi government.

India may also be targeted as the US president has directed his administration to investigate the causes of US's "large and persistent annual trade deficits in goods, as well as the economic and national security implications and risks resulting from such deficits, and recommend appropriate measures, such as a global supplemental tariff or other policies, to remedy such deficits". India maintains a trade surplus with the US, which has more than doubled during the past five years from $17 billion in 2019-20 to $35 billion in 2023-24.

The urgent need for a national skill census

India's demographic dividend is a fleeting opportunity that must be used in time. A few states have attempted a skill census, but the scale and complexity of a national one demand a concerted effort

